mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-222 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

13 अगस्त 2025 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



पंजाब की मजदूर की

@ पेज 7



# राहुल बोले- बेज़ुबान पशु कोई समस्या नहीं, उन्हें हटाना क्रूरता

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- 8 हतों में दिल्ली-एनसीआर के आवारा कुाों को शेल्टर होम भेजें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मंगलवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ये दशकों से चली आ रही मानवीय और साइंटिफिक पॉलिसी से पीछे ले जाने वाला कदम है। ये बेजुबान पशु कोई समस्या नहीं हैं, जिन्हें हटाया जाए।

राहुल ने X पर लिखा, शेल्टर्स, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल अपनाया जाना चाहिए। इससे बिना क्रूरता के भी डॉग्स को सुरक्षित रखा जा सकता है। पूरी तरह पाबंदी क्रूर-अदूरदर्शी है और हमारी दया-भावना को खत्म करता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण दोनों कैसे एक साथ-साथ चलें।

दरअसल, 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के नगर निकायों को निर्देश दिया है कि आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़कर नसबंदी करें और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखें। इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कुत्ते सड़कों पर वापस नहीं लौटने चाहिए:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-NCR के सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्ते के भीतर सड़क से हटाने और उन्हें विशेष शेल्टर होम में भेजने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने हिदायत दी कि ये कुत्ते सड़कों पर वापस नहीं लौटने चाहिए।

उधर, राजस्थान हाई कोर्ट ने भी सोमवार को शहरी सड़कों से आवारा कुत्ते और पशु हटाने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच आवारा कुत्तों के बच्चों पर हमले की खबर पर खुद ही नोटिस लेकर सुनवाई कर रही है।कोर्ट ने इस काम में बाधा डालने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। कोर्ट ने कहा, कोई व्यक्ति या संगठन बाधा बना तो अवमानना की कार्यवाही की जा सकती है। कोर्ट ने पशु एवं कुत्ते प्रेमियों को आड़े हाथों लेते हुए सवाल किया कि क्या वे रेबीज के शिकार बच्चों को वापस ला पाएंगे? बच्चों को किसी भी कीमत पर रेबीज नहीं होना चाहिए। मेनका गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उठाया सवाल राहुल ही नहीं बल्कि मेनका गांधी ने भी सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश पर सवाल उठाए हैं। मेनका ने भी सोमवार को कहा, दिल्ली में तीन लाख आवारा कुत्ते हैं। उन सभी को पकड़कर शेल्टर होम भिजवाया जाएगा। उनको सड़कों से हटाने के लिए दिल्ली सरकार को 1 हजार या 2 हजार शेल्टर होम बनाने होंगे। क्योंकि ज्यादा कुत्तों को एक साथ नहीं रखा जा सकता। सबसे पहले तो उसके लिए जमीन तलाशनी होगी। इस पर 4-5 करोड़ रुपए के करीब का खर्च आएगा। क्योंकि हर सेंटर में केयरटेकर, खाना बनाने वाले और खिलाने वाले, और चौकीदार की व्यवस्था करनी होगी।

## आवारा कुत्तों को लेकर शीर्ष अदालत का नया आदेश, कहा- सुप्रीम कोर्ट परिसर में बचा हुआ खाना खुले में न फेंके



**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को सड़क से हटाकर आश्रय गृहों में भेजने के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नए निर्देश जारी किए। शीर्ष अदालत ने कहा कि कुत्तों के काटने से बचने के लिए कोर्ट परिसर में बचा हुआ खाना खुले में न फेंकें। निर्देश में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के गलियारों और परिसर की लिफ्ट में आवारा कुत्तों के घूमने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मंगलवार को शीर्ष अदालत ने निर्देश में कहा कि सभी बचे हुए खाद्य पदार्थों को केवल उचित रूप से ढके हुए कूड़ेदानों में ही फेंका जाना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में भोजन को खुले स्थानों या बिना ढके कंटेनरों में नहीं फेंकना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि जानवरों को भोजन की ओर आकर्षित होने और उसे खाने के लिए इधर-उधर भटकने से रोकने के लिए यह जरूरी है। इससे कुत्तों के काटने का जोखिम काफी कम हो जाता है और स्वच्छता के मानक भी बने रहते हैं। इस निर्देश को लागू करने में आपका सहयोग सभी की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

**सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया था :** शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा था कि आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज होने की वजह से स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। खासकर छोटे बच्चे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि समय के साथ कुत्तों के आश्रयों की संख्या बढ़ानी होगी। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने दिल्ली के अधिकारियों को छह से आठ हफ्तो में लगभग 5,000 कुत्तों के आश्रय स्थल बनाने का निर्देश दिया।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

### स्पीकर ने 3 सदस्यीय कमेटी बनाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैश कांड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। स्पीकर ने कहा, मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने की मांग है। स्पीकर ने जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का ऐलान किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के 1-1 जज और 1 कानूनविद शामिल हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा।

## त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में हेरफेर का आरोप

### मंत्री शिवनकुट्टी ने की पुर्नमतदान की मांग

**त्रिशूर,एजेंसी।** केरल के त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में हेरफेर का आरोप लगा है। इसे लेकर केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने चुनाव आयोग से फिर से चुनाव कराने की मांग की है। त्रिशूर लोकसभा सीट से 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी जीत मिली थी। इस सीट पर भाजपा नेता सुरेश गोपी ने 74,000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। उन्होंने त्रिकोणीय मुकाबले में सीपीआई के वीएस सुनील कुमार और कांग्रेस उम्मीदवार के मुरलीधरन को हराया था।

इस मुद्दे पर वरिष्ठ माकपा नेता शिवनकुट्टी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले और बाद में निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूचियों में व्यापक हेरफेर के आरोप लगे हैं। भाजपा के भीतर गोपी का विरोध करने वाले भी कह रहे हैं कि मतदाता सूची में 30,000 से 60,000 वोट जोड़े जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अब यह बात सामने आई है कि जिले के कई अपार्टमेंटों में आठ से 15 वोट शामिल थे। शिवनकुट्टी ने कहा कि चुनाव आयोग को त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र में दोबारा चुनाव कराना चाहिए।

### वोटर वेरिफिकेशन पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

# विपक्षी सांसद मिंता देवी की तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे; दावा- यह 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के दोनों सदनों में बिहार SIR पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा दोपहर 3 बजे तक और राज्यसभा दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई थी।

इससे पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं।

विपक्ष के हंगामे के कारण विधेयकों पर चर्चा नहीं हो पा रही है। सोमवार को भी बिना चर्चा के 8 विधेयक बिना बहस के ही पास हो गए। लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, नेशनल एंटी-डोपिंग (संशोधन) बिल, इनकम टैक्स (नंबर 2) बिल और टैक्सेशन लॉ (संशोधन) बिल पास हुआ।




राज्यसभा में गोवा में अनुसूचित जनजातियों के विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्संयोजन से जुड़ा बिल, मर्चेंट शिपिंग बिल, मणिपुर विनियोग बिल और मणिपुर जीएसटी (संशोधन) बिल पास किए गए।

सोमवार को भी विपक्ष के 300 सांसदों ने वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ संसद से चुनाव आयोग के दफ्तर तक मार्च निकाला था। इस दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। हालांकि 2 घंटे बाद इन्हें छोड़ दिया गया था।

## राहुल बोले- फिक्र अभी बाकी है,एक नहीं, कई सीटों की वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, ये नेशनल किया जा रहा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा, केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है। बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा- हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। फिक्र अभी बाकी है। राहुल ने कहा- चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। EC का कर्तव्य है कि वो एक व्यक्ति एक वोट को लागू करे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम केवल वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला था। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया था। हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा- यह संविधान बचाने की लड़ाई है।

## भागवत बोले- भगवान से प्रार्थना है मेरा दिमाग ठीक रहे



### ● रैवासा धाम में किया राघवाचार्य की प्रतिमा अनावरण, समारोह में जुटेंगे देशभर के संत

**सीकर, एजेंसी।** सीकर के रैवासा धाम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने संत राघवाचार्य की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने 9 दिवसीय सियपिय मिलन समारोह का शुभारंभ करते हुए राघवाचार्य को भी याद किया। संघ प्रमुख ने कहा कि शक्ति और भक्ति की भूमि पर आज मेरा आना हुआ है। भागवत ने कहा कि... यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यहां मेरा जिस स्नेह से आपने स्वागत किया है, जो सद्भावना अच्छे शब्दों में प्रकट की है, यह सब देखकर मुझे एक बार फिर मुझे राघवाचार्य महाराज का स्मरण हुआ।

भगवान से प्रार्थना है कि मेरा दिमाग ठीक रहे। संघ प्रमुख ने कहा कि मेरा तो सरसंघ चालक बनने के बाद उनसे संबंध हुआ था। उनसे पहली भेंट में मेरे ध्यान में दो बात आई थी- उनके मन में सबके लिए स्नेह था और सबको आत्मीय भाव से देखते थे। हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति और हिंदू समाज, इन सबके लिए उनके मन में बहुत तड़प थी।

### लॉरेंस गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग

## कनाडा की पार्टी बोली-देश-विदेश में हिंसा की जिम्मेदारी ली, दक्षिणी एशियाई को टारगेट

**जालंधर, एजेंसी।** कनाडा में बढ़ते गैंग अपराध और हिंसक घटनाओं के बीच फिर से लॉरेंस बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग उठी है। कंजरवेटिव पार्टी ने संघीय सरकार से इस गैंग को आतंकी घोषित करने की अपील की है।

उनका कहना है कि यह गैंग पूरे देश में हिंसक अपराध, धमकियां और डर फैलाने वाली घटनाओं में शामिल है, खासकर ब्रिटिश कोलंबिया, अल्बर्टा और



ओंटारियो में दक्षिण एशियाई समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। पार्टी के नेताओं ने सोमवार को सरकार को एक पत्र भेजा, जिसमें बताया गया कि यह गैंग सोशल मीडिया पर खुलेआम कई हमलों की जिम्मेदारी ले चुका है। इनमें हाल ही में सरे के एक कैफे पर हुई गोलीबारी भी शामिल है, जो मशहूर कॉमेडियन और बॉलीवुड अभिनेता कपिल शर्मा का कैफे है। इसके अलावा, यह गैंग जून 2023 में सरे गुरुद्वारा के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भी संदिग्ध माना जाता है।

## आतंकी पन्नू की 15 अगस्त पर ट्रेन उड़ाने की धमकी,कहा-दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में न सफर करें ; साथी जशनप्रीत के एनकाउंटर पर भड़का

**अमृतसर ।** खालिस्तानी समर्थक संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' का आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू अपने साथी जशनप्रीत सिंह के कथित एनकाउंटर पर भड़क गया है। पन्नू ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि 15 अगस्त को दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में सफर न करें। वीडियो में उसने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि मान सरकार ने खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ फ्रपहली गोलीफ्र चला दी है और फ्रगोली का जवाब गोलीफ्र से दिया जाएगा। पन्नू ने सीएम मान के विदेश दौरे की जानकारी देने वाले को इनाम देने का भी ऐलान किया। उसने जशनप्रीत को खालिस्तान जनमत संग्रह का कार्यकर्ता बताया और एनकाउंटर को फर्जी व राज्य प्रायोजित आतंक करार देते हुए आरोप लगाया कि यह घटना मुख्यमंत्री मान के आदेश पर हुई और इसका बदला जरूर लिया जाएगा।



# बिहार में 17 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित

### बारिश के कारण उत्तराखंड के देहरादून में स्कूल बंद, केदारनाथ यात्रा 14 अगस्त तक रुकी

**पटना/नई दिल्ली/लखनऊ ,एजेंसी।** बिहार के 12 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। 17 लाख से ज्यादा की आबादी इससे प्रभावित है। सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में भागलपुर है, यहां की 75 पंचायतों के 4.16 लाख से ज्यादा लोग पीड़ित हैं। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश जारी है। लखनऊ में भी तेज बारिश हुई। विधानसभा परिसर में पानी भर गया। सीएम आवास के पास सड़क पर 2 फीट तक पानी भर गया।उत्तराखंड के देहरादून में तेज बारिश हुई। यहां का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें तेज बहाव में कई गाय बहती नजर आ रही हैं। आज जिले में कक्षा 1 से 12वीं तक के स्कूल बंद हैं।

वहीं, मालदेवता क्षेत्र में नदी ने आसपास मौजूद मकानों को नुकसान भी पहुंचा। राज्य में 12-14 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट है। इसी वजह से श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए केदारनाथ धाम यात्रा 3 दिन के लिए रोक दी गई है।मंगलवार सुबह से दिल्ली में तेज बारिश हो रही है। इसके कारण कई जगहों पर पानी भर गया है। दो दिन पहले तेज बारिश हुई थी। मौसम खराब होने के कारण 300 से ज्यादा फ्लाइट देरी से उड़ीं।



**उत्तराखंड-असम समेत 6 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट**

मौसम विभाग ने मंगलवार को उत्तराखंड, असम समेत 6 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट, हिमाचल-बिहार समेत 3 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और P-MP समेत 16 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

### उराखंड त्रासदी- तबाह धराली फिर से नहीं बसेगाः

# पूरा गांव नई जगह शिफ्ट होगा, 10 साल में 3 आपदा आई; सरकार बोली- 43 लोग लापता

**देहरादून,एजेंसी।** उत्तरकाशी में बादल फटने के बाद आई आपदा में तबाह हुआ धराली गांव अब दोबारा उस जगह नहीं बसेगा। सोमवार को ष्ट्रूहाउस में हुई बैठक में यह फैसला हुआ है।

तय हुआ कि धराली गांव सुरक्षित जगह शिफ्ट होगा। नदियों के किनारे और लैंडस्लाइड वाले संवेदनशील क्षेत्रों में कोई भी नया निर्माण नहीं होगा। इस तरह की संवेदनशील जगहों वाले अन्य गांव भी शिफ्ट किए जा सकते हैं। बीते 10 साल में धराली इलाके में तीन आपदाएं आईं। तीन बार गांव तबाह हुआ, लेकिन हर बार स्थानीय लोगों ने वहां नई इमारतें खड़ी कर लीं। फिलहाल आपदा



के 7 दिन बाद भी धराली गांव लाखों टन मलबे में दबा है।

उत्तरकाशी के धराली में 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। खीर गंगा नदी में बाढ़ आने से 34 सेकेंड में धराली गांव जमींदोज हो गया था। सरकार ने सोमवार को बताया कि कुल 43 लोग लापता हैं। इनमें से एक ही शव मिल पाया है।

**धराली में हुए हादसे को इस तस्वीर से समझें:** धराली के विस्थापन के लिए लोगों से बातचीत शुरू अपर सचिव बंशीधर तिवारी ने बताया कि धराली के विस्थापन के लिए स्थानीय लोगों से चर्चा शुरू कर दी है। लोग चाहते हैं कि उन्हें 8 से 12 किमी दूर लंका, कोपांग या जांगला में बसाया जाए।

वहीं, हर्षिल में आई आपदा में सेना का कैंप भी बह गया था। इसलिए नया कैंप लगाने के लिए सेना श्रीखंड पर्वत और आसपास के ग्लेशियरों, झीलों की रेकी करेगी।

# दिल्ली-एनसीआर में मूसलाधार बारिश: देर रात जमकर बरसे बदरा, सड़कें बनी तालाब, कई इलाकों में भारी जलभराव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोमवार देर रात दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश देखने को मिली। जहां एक तरफ इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। वहीं, दूसरी तरफ कई इलाकों में भारी जलभराव हो गया। इससे पहले शनिवार को तेज बारिश हुए थी। मौसम विभाग ने दिल्ली में शनिवार और रविवार को हल्की बारिश का अनुमान लगाया था। दिल्ली-एनसीआर में 9 अगस्त को हुई मूसलाधार बारिश के बाद मानसून धीमा पड़ गया था।

**नोएडा में सोमवार को दिनभर उमस ने सताया :** नोएडा में रक्षाबंधन पर हुई बारिश के बाद सोमवार को भी बारिश का येलो अलर्ट जारी था। बारिश नहीं होने के कारण और हवाओं की धीमी रफ्तार के कारण लोगों को उमस ने बहुत अधिक सताया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 31.8 और न्यूनतम तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, आर्द्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई जो सामान्य से



बहुत अधिक थी।

मौसम विज्ञानी महेश पलावत ने बताया कि दिल्ली एनसीआर में 13 अगस्त तक हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद 14 से 17 अगस्त के बीच मध्यम बारिश के आसार हैं। बदलते हवाओं के पैटर्न से मौसम में बदलाव होगा। ऐसे में तापमान घटकर 34-35 डिग्री से 31-32 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा सकता है।

**रविवार को यहां हुई बारिश :** मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार सुबह 8-30 बजे तक बीते 24 घंटे के दौरान देशभर में जमकर बारिश हुई। पश्चिम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पूर्वी मध्य प्रदेश, बिहार, असम, मेघालय और कर्नाटक में अलग-अलग स्थानों पर 7-20 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, गुजरात क्षेत्र, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, तेलंगाना, रायलसीमा, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में भी कई जगहों पर भारी बारिश हुई।

**इन राज्यों में भी बरसेंगे मेघ :** वहीं, मौसम विभाग ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर सात दिन भारी बारिश की संभावना जताई। 13 अगस्त उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर 21 सेमी तक वर्षा हो सकती है। पूर्व मध्य भारत और उससे सटे उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत में बारिश होने की संभावना है। 13 से 16 अगस्त के दौरान मध्य प्रदेश, विदर्भ, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तटीय आंध्र प्रदेश भारी वर्षा का एक नया दौर शुरू होगा।

## फाइनेंसर को फंसाने के लिए बिल्डर ने अपने दफ्तर पर चलवाई गोली

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पूवी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में एक बिल्डर ने फाइनेंसर को फंसाने की नियत से खुद के दफ्तर पर ही गोली चलवा दी। बाद में पुलिस को खबर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिल्डर की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की तो पूरी साजिश से पर्दा उठ गया। पुलिस ने बिल्डर मोहम्मद अनीश, कर्मचारी मुरसलीन व नाबालिग पकड़ा है। छानबीन में पता चला है कि अनीश ने फाइनेंसर से मोटी रकम उधार ली हुई थी। अब फाइनेंसर अनीश पर उसके पैसे वापस करने का दबाव बना रहा था। पैसे देने से बचने और फाइनेंसर को फंसाने के लिए अनीश ने साजिश रची। उसने अपने कर्मचारी मुरसलीन को साजिश में शामिल किया और एक पिस्टल उसको दी । मुरसलीन ने नाबालिग से अनीश के दफ्तर पर गोली चलवाई। पुलिस ने मुरसलीन के पास से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल भी बरामद कर ली है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि शनिवार शाम को गली नंबर-8, सना पब्लिक स्कूल, सूचना मिली।

## दिल्ली में दरिंदगी, स्विमिंग सीखने आई दो बच्चियों से सामूहिक दुष्कर्म; एक ने मां को बताई आपबीती



**नई दिल्ली,एजेंसी।** नरेला स्थित स्विमिंग पूल में तैराकी सीखने गई नौ और 12 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान अनिल और उसके साथी मुनील के रूप में हुई है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने घटना की पुष्टि की है। घटना 5 अगस्त की है। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक दोनों बच्ची स्विमिंग पूल में तैराकी सीखने जाती है। आरोप है कि 5 अगस्त को 9 साल की बच्ची वहां गई थी, जिसे अनिल ने पकड़कर एक कमरे में ले गया, जहां 12 साल की बच्ची पहले से मौजूद थी। जहां आरोपी ने उनके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान उसका साथी आ गया और उसने भी दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। डर की वजह से पीड़िताओं ने अपने परिवार वालों को घटना के बारे में नहीं बताया। साथ ही स्विमिंग पूल में जाना छोड़ दिया। नौ साल की बच्ची के स्विमिंग में नहीं जाने पर उसकी मां ने पूछताछ की, तब बच्ची ने घटना के बारे में बताया। उसके बाद परिवार वालों ने घटना की शिकायत नरेला थाने में की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चल रहा कूड़े से आजादी स्वच्छता अभियान, सड़कों पर कचरा; गलियों में गाद

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी को साफ और सुंदर बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने 1-31 अगस्त तक कूड़े से आजादी स्वच्छता अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खुद सड़क पर झाड़ू लगाकर अभियान को शुरू किया था। लेकिन पूर्वी दिल्ली में चारों तरफ सड़कों पर पसरा मलबा अभियान का मजाक उड़ा रहे हैं। सड़कों पर कचरा और गलियों में खुले में पड़ी गाद लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। कचरा न सफाई कर्मचारियों को दिख रहा, न ही लोग कूड़े को इधर-उधर फेंकने से बाज आ रहे हैं। लक्ष्मी नगर, शकरपुर, निर्माण विहार, कड़कड़ी मोड़, अजीत नगर, सीलमपुर, जाफराबाद, गोकलपुरी, त्रिलोकपुरी, मयूर विहार समेत अन्य कई जगहों पर बुरा हाल है। अजीत नगर निवासी रमेश दिवाकर का कहना है कि यहां की गलियों में महीनों तक ऐसे ही गंदगी पड़ी रहती है। बारिश होने पर गाद वापस नाले में ही चला जाता है और सीवर को जाम कर देता है। फिर सफाई कर्मचारी महीने दो-महीने में नाले से गाद निकालते हैं और गलियों में ही छोड़ देते हैं। यह गाद ऐसे ही कई दिनों तक सूखने के लिए छोड़ दी जाती है। यहां स्थिति ऐसी है कि कचरे की दुर्गंध से इलाके से गुजरना मुश्किल है। ऐसे ही त्रिलोकपुरी निवासी राजेश कुमार ने बताया कि यहां कूड़ा घर होने के बावजूद लोग सड़क पर कूड़ा डाल रहे हैं। सफाई-कर्मचारी भी कूड़ा नहीं उठा रहे। इससे बीमारी फैल रही है।

**नाम के लगे हैं सीसीटीवी कैमरे :** दिल्ली की सड़कों और गलियों में कई जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। कई जगहों पर खासकर मलबा फेंकने वालों पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। इसके बावजूद लोग यहां सड़क किनारे मलबा फेंक रहे हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि सड़क पर मलबे का ढेर लग गया है। हैरानी वाली बात यह है कि सीसीटीवी कैमरा लगे होने के बाद भी सफाई कर्मचारियों को यह नहीं दिख रहा है।

**जुर्माने के निर्देश के बाद भी फेंक रहे मलबा :** लक्ष्मी नगर स्थित शकरपुर स्कूल ब्लॉक मेन रोड के पास मलबा न डालने का एक साइन बोर्ड लगा हुआ है। इस बोर्ड पर मलबा फेंकने वालों को चेतावनी दी गई है। बोर्ड पर लिखा है कि यहां कूड़ा और मलबा डालना सख्त मना है। पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा दस हजार रुपये का चालान किया जाएगा। साथ ही, बोर्ड पर यह भी लिखा है कि आप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं। इसके बाद भी लोग सड़क पर मलबा डाल रहे हैं।

## हर जोन में डॉग शेल्टर बनाने का लिया निर्णय, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एमसीडी सक्रिय; बनाई रणनीति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एमसीडी ने लावारिस कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाने का फैसला किया है। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान हर जोन में डॉग शेल्टर स्थापित करने, इनमें पकड़े गए कुत्तों को सुरक्षित, स्वच्छ और मानवीय तरीके से रखने और उनके भोजन, देखभाल और टीकाकरण की पूरी व्यवस्था करने के निर्णय शामिल हैं।

बैठक में तय किया गया कि शेल्टर के निर्माण और संचालन के लिए अनुभवी संस्थाओं और एनजीओ के साथ साझेदारी की जाएगी। साथ ही, नागरिकों की शिकायतों और सूचनाओं के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा, जिससे आवारा कुत्तों से जुड़ी समस्याओं की त्वरित रिपोर्टिंग और समाधान संभव हो सकेगा। शर्मा ने बताया कि एमसीडी पहले से ही इस दिशा में काम कर रही है और विशेष उप-समिति का गठन किया गया है। यह उप-समिति जोन-वार शेल्टर स्थापना, मॉनिटरिंग सिस्टम और जन-जागरूकता अभियान की सिफारिश करेगी। यह भी तय किया गया कि कुत्तों की नियमित चिकित्सा जांच और टीकाकरण कराया जाएगा। स्थायी



समिति अध्यक्ष ने कहा कि यह केवल संख्या नियंत्रण का मामला नहीं, बल्कि पशु कल्याण और जनस्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाने का प्रयास है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या को गंभीर मानते हुए दिल्ली सरकार और नगर निकायों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

**एमसीडी बनाएगी एक्शन प्लान :** सुप्रीम कोर्ट के लावारिस कुत्तों को शेल्टर होम में रखने के आदेश को अमलीजामा पहनाने के लिए एमसीडी एक व्यापक एक्शन प्लान बनाएगी। इसमें न केवल कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने, बल्कि उन्हें उठाने, खाना उपलब्ध कराने, नसबंदी करने और उनकी देखरेख के लिए पूरी व्यवस्था शामिल होगी। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा के अनुसार, एक्शन प्लान के तहत डॉग शेल्टर होम में पकड़े गए कुत्तों को सुरक्षित और मानवीय तरीके से रखा जाएगा। साथ ही कुत्ते उठाने के लिए पर्याप्त संख्या में गाड़ियों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की व्यवस्था की जाएगी। प्लान के अनुसार, कुत्तों की नसबंदी क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक केंद्र खोलने और नए एनजीओ को शामिल करने पर भी जोर होगा।

## तिरंगा साइक्लोथॉन में दौड़ी दिल्ली की लड़कियां, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिखाई हरी झंडी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षामंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को विधानसभा से राजघाट तक लड़कियों के लिए तिरंगा साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर रेखा गुप्ता ने कहा कि वह दिल्ली की बेटियों की इस साइकिल यात्रा (साइक्लोथॉन) को एक नई उड़ान और एक नए अध्याय के रूप में देख रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों के उत्साह और जोश से सजी यह यात्रा हमारे राष्ट्रीय प्रतीक तिरंगे के प्रति अपार सम्मान और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण की मिसाल है। भारत की युवा शक्ति न केवल देश के विकास में अग्रणी है बल्कि राष्ट्र की गरिमा और सम्मान की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदेश की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करेगी। इस दौरान आशीष सूद ने कहा कि इस साइक्लोथॉन ने बेटियों के सशक्तिकरण, स्वच्छता और स्वस्थ भारत के संकल्प को गति दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में यह पहल अमूल्य विरासत को संजोने के साथ स्वच्छ और सशक्त भारत के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प का प्रतीक बनी।

## तालकटोरा-मंदिर मार्ग जंक्शन पर बनेगा घंटाघर, एलजी ने किया शिलान्यास; दिल्ली में एक नया मील का पत्थर बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को तालकटोरा स्टेडियम के पास शंकर रोड और मंदिर मार्ग के जंक्शन पर बनने वाले 27 मीटर ऊंचे घंटाघर का शिलान्यास किया। लगभग 1.80 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह अष्टकोणीय घंटाघर हिंदू, मुगल और औपनिवेशिक वास्तुकला के अद्भुत संगम का प्रतीक होगा। इसे छह महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि यह घंटाघर राजधानी में एक नया मील का पत्थर होगा और दिल्लीवासियों के लिए गर्व का विषय बनेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक स्थापत्य संरचना नहीं, बल्कि दिल्ली की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिकता का संगम होगा। घंटाघर का ढांचा हवा और भूकंप-रोधी होगा। अग्रभाग पर तार-कट ईंटों की क्लैडिंग और पेडस्टल पर काले ग्रेनाइट की सजावट की जाएगी। ऊपर अत्याधुनिक, मौसम-रोधी और कंपन-रोधी घड़ी लगाई जाएगी, जो रात के समय विशेष लाइटिंग से जगमगाएगी। इसके चारों ओर सौंदर्यीकरण, हरियाली और बैठने की व्यवस्था भी की जाएगी ताकि यह स्थान स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस परियोजना को दिल्ली की प्रगति का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह घंटाघर विकसित भारत की यात्रा का शाश्वत साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना दिल्ली के दृश्य सौंदर्य में वृद्धि करेगी। एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा ने बताया कि परिषद लगातार राजधानी के सौंदर्यीकरण और हेरिटेज संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही है। इस दौरान दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा, सांसद बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल और कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## आम चुनाव को लेकर अंतरिम सरकार ने कसी कमर, गृह सलाहकार बोले- स्वतंत्र और निष्पक्ष होगा निर्वाचन

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में अगले साल होने वाले आम चुनाव को लेकर अंतरिम सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। बांग्लादेश के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार आम चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।



बांग्लादेश के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने केरानीगंज में एक मतदान केंद्र का दौरा करने के बाद कहा कि चुनाव की संभावित तारीख की घोषणा कर दी गई है। चुनाव आयोग निश्चित तारीख की घोषणा करेगा। सभी लोग शांतिपूर्ण चुनाव चाहते हैं। हम अगला चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और उत्सवपूर्ण तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से पूर्ण सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग के बिना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराना असंभव है।

**पिछले साल अवामी लीग की गिर गई थी सरकार :** जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंततः 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गई। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी कि देश में फरवरी 2026 में आम चुनाव होंगे। यह घोषणा 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर की गई।

## बांग्लादेश में म्यांमार की अराकान आर्मी के जवान ने आत्मसमर्पण किया

**ढाका, एजेंसी।** म्यांमार के रखाइन राज्य में सक्रिय विद्रोही सशस्त्र समूह अराकान आर्मी के एक जवान ने सोमवार सुबह बांग्लादेश के कॉक्स बाजार के उखिया में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। बीजीबी के अधिकारियों के अनुसार, इस जवान ने बताया कि उसका नाम जिबोन टोनचोंग्या और उसकी उम्र 21 वर्ष है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, बीजीबी अधिकारियों ने बताया कि म्यांमार के रखाइन राज्य में सक्रिय विद्रोही सशस्त्र सशस्त्र समूह के सदस्य जिबोन ने एके-47 राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया। उसने सुबह करीब 9 बजे एके-47 राइफल, दो मैगजीन और 52 राउंड गोला-बारूद बीजीबी सदस्यों को सौंप दिया। बीजीबी ने कहा कि जिबोन म्यांमार के रखाइन राज्य के मौंगडॉ टाउनशिप स्थित एक शिविर से भागकर बांग्लादेश में घुस आया था। उसने दावा किया कि उसका



घर बंदरबन के नाइखोंगछारी उपजिला के गोरजबोनिया गांव में है। बीजीबी उखिया बटालियन 64 के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद जसीम उद्दीन ने पत्रकारों को बताया कि इस व्यक्ति ने खुद को बांग्लादेशी नागरिक बताया है। उसकी पहचान और नागरिकता की पुष्टि की जा रही है। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपनी सुरक्षा के खतरे के कारण शिविर से भागा। उसने दावा किया है कि अराकान आर्मी के कम से कम 300 और सदस्य उसी शिविर से भागे हैं। उनमें से कुछ कभी भी बांग्लादेश में घुसपैठ कर सकते हैं। बीजीबी ने कहा कि उस व्यक्ति को हथियारों और गोला-बारूद के साथ हिरासत में ले लिया गया है और उसे उखिया पुलिस स्टेशन को सौंपने की तैयारी चल रही है। घुसपैठ रोकने के लिए सीमा पर निगरानी कड़ी कर दी गई है। इस बीच, स्थानीय सूत्रों ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे सीमापार रखाइन राज्य में ी आवाज सुनाई दी।

## सांसद की चेन छीनने के बाद अब सेना के नायक की चेन झपटी, पुलिस कर रही झपटमारों की तलाश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले एंबेसी इलाके चाणक्यपुरी में आपराधिक वारदातें थम नहीं रही हैं। कांग्रेस की महिला सांसद के साथ झपटमारी की वारदात के बाद अब भारतीय सेना के नायक के गले से बुलेट पर सवार दो युवकों ने सोने की झपट ली। चाणक्यपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर झपटमारों की तलाश कर रही है। नई दिल्ली जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार नई पुलिस ने चाणक्यपुरी से लेकर राजौरी गार्डन व विकासपुरी तक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल ली है। मगर बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार युवकों का कुछ पता नहीं लगा है। कहीं पर भी सीसीटीवी कैमरों में मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर ठीक से नहीं आया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों ने नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ की है। भारतीय सेना में नायक (एलडी) के पद पर तैनात राजनगर, पालम निवासी सुरेंद्र मलिक (34) आर्मी मुख्यालय में तैनात हैं। नौ अगस्त को चाणक्यपुरी थाने में शिकायत में उन्होंने बताया कि वह अपनी पत्नी व बेटी को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन छोडने गए थे। वह अपनी तीन वर्षीय बेटे के साथ स्कूटी से वापस घर जा रहे थे उस समय यह वारदात हुई।

## बाल यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार युवा पादरी से असेंबलीज ऑफ गॉड ने दूरी बनाई

**वाशिंगटन, एजेंसी।** युवा पादरी थॉमस पिंकर्टन जूनियर उर्फ पादरी टॉमी की बाल शोषण के आरोप में गिरफ्तारी से पेंटेकोस्टल संप्रदाय के असेंबलीज ऑफ गॉड के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। पिंकर्टन की गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है जब दुनिया का सबसे बड़ा पेंटेकोस्टल संप्रदाय बाल यौन शोषण के कई आरोपों से जूझ रहा है। इस संप्रदाय के संयुक्त राज्य अमेरिका के 13,000 चर्चों में लगभग 30 लाख सदस्य हैं। पादरी टॉमी की गिरफ्तारी होते ही असेंबलीज ऑफ गॉड के अधिकारियों ने उससे किनारा कर लिया है।





एनबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, 52 वर्षीय थॉमस पिंकर्टन जूनियर ने बाल्टीमोर काउंटी के असेंबलीज ऑफ गॉड चर्च (सेंट्रल क्रिश्चियन चर्च) में काम करते हुए 2006 से 2010 तक छह किशोरों का यौन शोषण किया। पिछले बुधवार को उन्हें उनके गृह राज्य जॉर्जिया से मैरीलैंड प्रत्यर्पित किया गया। पिंकर्टन को अब बाल्टीमोर काउंटी में लगाए गए 24 गंभीर और अन्य आरोपों का सामना करना पड़ेगा। उनके वकील जस्टिन होलीमोन ने कहा कि उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है। गिरफ्तारी वारंट में आरोप लगाया गया है कि किशोरों के साथ कथित दुर्व्यवहार चर्च और मैरीलैंड स्थित पिंकर्टन के पूर्व घर में हुआ था। होलीमोन ने कहा कि पिछले सप्ताह एक न्यायाधीश ने पिंकर्टन को रिहा करने से इनकार कर दिया। इसलिए उन्होंने सोमवार सुबह पिंकर्टन की तरफ से जमानत याचिका दायर की है। असेंबलीज ऑफ गॉड के अधिकारियों ने कहा है कि पिंकर्टन असेंबलीज ऑफ लेकिन उन्हें कभी भी संप्रदाय के पादरी के रूप में औपचारिक रूप से मान्यता नहीं मिली। असेंबलीज ऑफ गॉड क्षेत्रीय कार्यालय के सचिव-कोषाध्यक्ष बेंजामिन रेनी जूनियर ने कहा, हमें इस रिपोर्ट के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ है और जब भी ऐसी रिपोर्टें सामने आती हैं, तो हम बेहद चिंतित होते हैं। उधर, मैरीलैंड स्थित पिंकर्टन के पूर्व चर्च ने सोमवार को कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

पिछले सप्ताह अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में सेंट्रल क्रिश्चियन ने कहा कि पिंकर्टन 15 साल से भी अधिक समय तक स्टाफ में रहे। अब उनका चर्च से कोई संबंध नहीं है। सेंट्रल क्रिश्चियन के प्रमुख पादरी लैरी किर्क ने बयान में कहा, चर्च में दुर्व्यवहार के लिए कभी कोई जगह नहीं है। मैरीलैंड और जॉर्जिया के अधिकारियों ने बताया कि बाल्टीमोर काउंटी पुलिस ने जून के अंत में पिंकर्टन के लिए गिरफ्तारी वारंट हासिल किया था। जॉर्जिया के फोर्सिथ काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि जुलाई में एक ट्रैफिक स्टॉप पर उसे गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उसे पिछले हफ्ते मैरीलैंड प्रत्यर्पित कर दिया गया। पिंकर्टन केस की प्रारंभिक अदालती सुनवाई पांच सितंबर को निर्धारित है।

### कलेक्ट्रेट से पूजा पार्क तक निकली भव्य तिरंगा यात्रा

# हाथ में तिरंगा होना गर्व और सम्मान की अनुभूति कराता है: रीती पाठक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रदेश के साथ-साथ सीधी जिले में भी हर घर तिरंगा अभियान पूरे उत्साह के साथ चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कलेक्ट्रेट कार्यालय से पूजा पार्क तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विधायक सीधी रीती पाठक, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, पार्षद पूनम सोनी, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं सहित शहरवासियों ने पूरे उत्साह के साथ



तथा मीडिया के साथियों ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता की। इस दौरान पूरा मार्ग देशभक्ति के गीतों तथा नारों से गुंजायमान रहा।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक सीधी पाठक ने कहा कि हाथ में तिरंगा का होना गर्व और सम्मान की अनुभूति कराता है। आज हम स्वतंत्र हवा में सांस ले रहे हैं यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा देश के वीर सैनिकों के त्याग, समर्पण और बलिदान का परिणाम है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने इस अभियान के माध्यम से सहभागी बनकर देश के गौरव का यशगान करने का अवसर दिया है। उन्होने सभी से आहवान किया कि इस अभियान में सहभागी बनें तथा 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों में देश की आन-बान-शान तिरंगे को गर्व से फ्हरायें। विधायक ने कहा कि सभी देशवासी को देश की रक्षा और सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना होगा। हम एकजुट होकर हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। विधायक ने शहरवासियों को प्रधानमंत्री के हर घर स्वच्छता अभियान में सहभागी बनने की अपील की है। इस अवसर पर कलेक्टर सोमवंशी द्वारा उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

## तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधियों ने चलाई साइकिल, राज्य मंत्री स्कूटी से रहीं साथ



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत साइकिल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के नेतृत्व में यह यात्रा राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम से शुरू हुई। कलेक्टर शुक्ला और एसडीएम सृजन वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने पहले 3 किलोमीटर साइकिल चलाकर स्टेडियम पहुंचे। वहां से तिरंगा यात्रा शुरू हुई। यात्रा कलेक्ट्रेट तक गई और फिर वापस स्टेडियम पहुंची।

राज्य मंत्री राधा सिंह पैर में तकलीफ के कारण स्कूटी से यात्रा में शामिल रहीं। विधायक रामनिवास शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे, एसपी मनीष खत्री और जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश भी यात्रा में शामिल हुए। स्कूली छात्रों ने भी इसमें भाग लिया।

जनप्रतिनिधियों ने करीब 6 किलोमीटर साइकिल चलाई। कलेक्टर और कुछ अधिकारियों ने कुल 9 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर विधायक शाह, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह और नगर निगम अध्यक्ष पांडे ने फूल बरसाकर सभी का स्वागत किया। कलेक्टर ने साइकिल से आए आवेदकों का भी फूलों से स्वागत किया। इसके बाद सप्ताहिक जनसुनवाई की बैठक आयोजित की गई।

## 16 घंटे बाद मिला मजदूर का शव, दोस्तों के साथ नहाने गया था डूबा



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** जयसिंह नगर में सोन नदी के निगाई घाट पर सोमवार शाम को एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय सुभाष यादव के रूप में हुई है। सुभाष सोमवार शाम 4 बजे अपने पांच दोस्तों के साथ नदी में स्नान करने गया था। स्नान के दौरान वह अचानक तेज बहाव की चपेट में आ गया। थाना प्रभारी अजय कुमार बैगा के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही सर्चिंग शुरू की गई। एसडीईआरएफ की टीम ने रात भर तलाश जारी रखी। एसडीईआरएफ अधिकारी कोमल सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह 10 बजे घटना स्थल के पास से शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सुभाष मजदूरी करता था। उसके परिवार में दो भाई और माता-पिता हैं। वह अपने मजदूर साथियों के साथ नदी में नहाने गया था।

## मधुरी गांव में दिखा मगरमच्छ, गांववालों में दहशत; पकड़ने में जुटी वन विभाग की टीम

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के मधुरी गांव में मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे एक मगरमच्छ को तालाब में तैरते देखा, जिसके बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई। मगरमच्छ के रिहाइशी इलाके के पास पहुंचने की खबर मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण इकट्?ठा हो गए। रहवासी शिवा प्रजापति ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले मगरमच्छ को देखा और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम वनपाल पंकज मिश्रा के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। पंकज मिश्रा ने कहा कि तालाब बड़ा होने की वजह से मगरमच्छ को पकड़ने में समय लग रहा है, लेकिन टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। मगरमच्छ को पकड़ने के बाद उसे सुरक्षित



नदी में छोड़ दिया जाएगा।

ग्रामीणों में डर का माहौल

मगरमच्छ दिखने से गांव के लोग डरे हुए हैं। खासकर बच्चे और महिलाएं तालाब के पास जाने से बच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस तालाब का उपयोग अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए करते हैं, इसलिए वन विभाग को जल्द से जल्द मगरमच्छ को हटाना चाहिए, ताकि कोई अनहोनी ना हो। विशेषज्ञों का मानना है कि बारिश के मौसम में मगरमच्छ अकसर पानी के बहाव के साथ गांवों के पास के जलस्रोतों तक पहुंच जाते हैं।

## रक्षाबंधन पर खाई थी मिठाई, 2 दिन बाद मौत

**शहडोल।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र के चरखरी गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। पीलिया से पीड़ित 10 वर्षीय ईशानी कहार की मंगलवार सुबह अस्पताल में मौत हो गई। सोमवार सुबह 9 बजे रक्षाबंधन की मिठाई खाने के बाद ईशानी के पेट में तेज दर्द शुरू हुआ। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए। कुछ घंटों के इलाज के बाद बालिका ने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, घर के अन्य बच्चों ने भी वही मिठाई खाई थी, लेकिन उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश मिश्रा ने बताया कि बालिका पिछले कुछ दिनों से पीलिया से पीड़ित थी। उन्होंने कहा कि इस बीमारी में तेल और मिठाई खतरनाक हो सकती है।

## तेज बारिश से घरों में घुसा पानी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के मड़वास गांव में बारिश से घरों में पानी घुस गया है। मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे से दो घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश हुई। इसकी वजह से पानी सड़कों से होकर घरों में घुस गया। गांव के निचले इलाके में रहने वाले सफीक खान, मेहरून खान, राजा जायसवाल और अमित मिश्रा समेत 6 परिवारों के घरों में पानी भर गया।

**लोग बोले- बारिश में हमेशा यही हाल होता है:** स्थानीय निवासी सफीक खान ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है। पहाड़ और आसपास के गांवों का पानी सड़कों के रास्ते सीधे मड़वास में आ जाता है। कई बार शिकायत के बाद भी कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है।

**एसडीएम बोले-तेज बारिश से बढ़ी परेशानी:** एसडीएम आरपी त्रिपाठी ने कहा कि सामान्य दिनों में ऐसी स्थिति नहीं बनती। तेज बारिश के दौरान निचले इलाकों में पानी भर जाता है। प्रशासन सतर्क है। कृषि विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक 11 अगस्त को सीधी जिले में औसतन 2.1 मि.मी. बारिश हुई। सिहावल में सबसे अधिक 12 मिमी बारिश हुई। जिले में अब तक 976.7 मिमी (38 इंच) औसत बारिश हुई है। यह पिछले साल की तुलना में 256.9 मिमी (10.12 इंच) ज्यादा है।

## हर घर तिरंगा यात्रा गंगेव में सम्पन्न, 3000 लोग हुए शामिल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद पंचायत गंगेव में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें जनपद पंचायत गंगेव खेल एवं युवा कल्याण विभाग विकासखंड गंगेव शिक्षा विभाग राजस्व पुलिस विभाग स्वास्थ्य विभाग सहित 3000 की संख्या में लोग शामिल हुए इस अवसर पर मनगवॉ विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी एसडीएम तहसील मनगवॉ संजय कुमार जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव प्राची चौबे शामिल हुए। तिरंगा यात्रा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगेव से मेन बाजार होते हुए वाईपास से घूम कर जनपद गंगेव परिशर में सम्पन्न हुई इसके पश्चात स्वच्छ भारत हेतु स्वच्छता सपथ ली गई कार्यक्रम का समापन राष्टगान के साथ किया गया इस अवसर पर तिरंगा लेकर युवा छात्र छात्राओ ने बड़ी संख्या में बड़े ही उत्साह पूर्वक शामिल हुए कार्यक्रम में जगजीवन लाल तिवारी जनपद सदस्य प्रतिनिधि कामता सिंह अशोक सिंह सरपंच ग्राम पंचायत कन्दैला व मंडल अध्यक्ष सूरा मुकेश पटेल समेत कई गणमान्य नागरिक छात्र छात्राए स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस सीधी में तिरंगा यात्रा का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में आयुक्त उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसारष्हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छताष् अभियान के तहत दिनांक 12 8.2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम नारायण स्वर्णकार के निर्देशन में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय परिसर से समस्त छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, एन.एस.एस. स्वयंसेवक, क्रीड़ा विभाग के खिलाड़ी सहित महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के साथ यात्रा कलेक्टर कार्यालय चौक तक राष्ट्रभक्ति नारों के साथ हाथों में तिरंगा लिए हुए भ्रमण करते हुए



पुन: महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को समझाते हुए कहा कि इस रैली का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना का जागरण है, साथ ही हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है। राष्ट्र भावना अपने अंदर संजोने की बात कही, साथ ही राष्ट्रभक्ति गीत सभी ने मिलकर गाया। रैली में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. के.एस. नेताम, डॉ. अरविंद कुमार त्रिपाठी, डॉ. के.बी. सिंह सहित समस्त स्टाफ सम्मिलित हुए। उक्त कार्यक्रम लेफ्टिनेंट उमाकांत साहू (एन.सी.सी. अधिकारी) के संयोजकत्व में संपन्न हुआ, जिस हेतु उन्होंने सभी का आभार जताया।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं, 52 आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के नर्मदा सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने इस दौरान 52 आवेदनों पर सुनवाई की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा और अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय मौजूद रहे। पुष्पराजगढ़ के एसडीएम के साथ सभी तहसीलों के तहसीलदार और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। अनूपपुर तहसील के दुलहरा गांव के बरन पटेल ने पट्टे की भूमि का बंटवारा कराने की मांग की। देवहरा गांव के संतोष धुर्वे ने जाति प्रमाण पत्र और बीपीएल राशन कार्ड बनवाने का आवेदन दिया। सेंदुरी के रमेश राठौर ने पट्टे की भूमि का नक्शा तरमीम कराने की मांग रखी। कोतमा तहसील के झिरोखा गांव से आए ईश्वर सिंह ने अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन दिया। जर्राटोला के छबलू जायसवाल ने भूमि सीमांकन की मांग की। जैतहरी तहसील के क्योटार गांव की ऊषा बाई भरिया ने बच्चे का आधार कार्ड बनवाने का आवेदन दिया।

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में राज्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। राज्यमंत्री जायसवाल स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि द्वारा प्रात: 09 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा।

## सहकारी विपणन संघ अमिलिया के प्रबंधक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** उपखण्ड अधिकारी सिहावल प्रिया पाठक द्वारा अमिलिया वितरण केंद्र पर हो रही अनियमितता एवं वितरण कुप्रबंधन के दृष्टिगत विपिन कुमार बैगा प्रबंधक म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित अमिलिया को नोटिस जारी किया जाकर 3 दिवस के भीतर जवाब देने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। विभिन्न सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के सम्बन्ध में स्थानीय अमले,थाना अमिलिया को प्रेषित शिकायत एवं उप संचालक कृषि द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर कुछ किसानों द्वारा भण्डारण केंद्र अमिलिया के कैश काउंटर की खिड़की पर बल प्रयोग किया गया जिसके तारतम्य में गोदाम प्रभारी बिपिन बैगा की शिकायत पर पुलिस बल द्वारा उनको हटाया गया है।


### जाहिर सूचना

क्र.-10/25 दिनांक 12/07/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामरती चौरसिया पत्नी श्री माखनलाल चौरसिया, निवासी प्लाट नं.-08, दुर्गा नगर, दीन दयालधाम पडरा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म0प्र0) ने भूमि खसरा नं.-91/1/2 रकवा 0.0190 हे. स्थित ग्राम/मौजा खैरी, नगर पालिक निगम रीवा वार्ड नं0-4, पटवारी हल्का पडरा, तहसील हुजूर नगर, जिला रीवा (म.प्र.) को बंधक कर आवास फाइनेन्सर लिमिटेड, शाखा रीवा (म.प्र.) से वित्तीय सहायता प्राप्त की जा रही है, जिसमें पूर्व मूल विक्रय पत्र क्रमांक MP328492018A1172503 दिनांक 17/03/2018 विक्रेता वीरेन्द्र कुमार वर्मा एवं क्रेता राजीव झामवानी के मध्य निष्पादित किया गया था तथा राजीव झामवानी ने रामरती चौरसिया पत्नी श्री माखनलाल चौरसिया को विक्रय किया था तथा राजीव झामवानी द्वारा उक्त मूल विक्रय पत्र क्रमांक MP328492018A1172503 दिनांक 17/03/2018 रामरती चौरसिया को प्रदान किया गया था। रामरती चौरसिया ने उक्त विक्रय पत्र अपने मकान दुर्गा नगर, पडरा रीवा में सुरक्षित रख लिया था, उक्त मूल ई-रजिस्ट्री क्रमांक MP328492018A1172503 दिनांक 17/03/2018 वर्तमान भूमिस्वामी रामरती चौरसिया पत्नी श्री माखनलाल चौरसिया से कहीं गुम हो गई है, जो काफी खोजबीन के पश्चात नही मिल रही है। उक्त विक्रय पत्र एवं ऋण के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय अथवा आवास फाइनेन्सर लिमिटेड, शाखा रीवा (म0प्र0) में प्रस्तुत करे। प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी तथा भावी ऋण प्रदान कर दिया जावेगा।

भवदीय
राजेन्द्र त्रिपाठी
एडवोकेट रीवा (म.प्र.)


# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक के जिला कल्याण सैनिक बोर्ड जिला सीधी के कार्यालय में आज से लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई। साथ ही विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। इस क्लीनिक



का उद्देश्य पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों एवं जरूरतमंद नागरिकों को नि:शुल्क विधिक सहायता और परामर्श उपलब्ध कराना है।

क्लीनिक में योग्य अधिवक्ताओं के माध्यम से पेंशन, सेवा-संबंधी विवाद, भूमि एवं संपत्ति विवाद, परिवारिक मामले, उपभोक्ता शिकायतें तथा अन्य कानूनी समस्याओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने कहा कि लीगल एड क्लीनिक पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को समय पर और सुलभ विधिक सहायता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इच्छुक व्यक्ति जिला कल्याण सैनिक बोर्ड कार्यालय में सीधे संपर्क कर सकते है।

उक्त जागरूकता शिविर में शिवहरे ने उपस्थित लोगों को सालसा एवं नालसा की योजना पाक्सों अधिनियम, बच्चों को मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, लोक अदालत, विधिक सहायता, मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक ने उपस्थित ग्रामीण जन को आदिवासियों के कानूनी अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवा योजना, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा, महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, भरण पोषण, नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐ) योजना, 2015, आदिवासियों को विधिक सेवाएं, नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन), नालसा, सालसा एवं शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

## राजधानी दिल्ली में कानून व्यवस्था की हालत चिंताजनक

# बेखौफ होते अपराधी, हत्याओं में भी इजाफा

संपादकीय

देश की राजधानी होने के नाते उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में कानून व्यवस्था बाकी जगहों के मुकाबले ज्यादा चाक-चौबंद होगी, ताकि आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोग दुस्साहस करने से खौफ खाएं। मगर हकीकत यह है कि यहां आए दिन जघन्य अपराधों की घटनाएं भी एक चिंताजनक स्वरूप में सामने आ रही हैं। ऐसा लगता है कि बेहद मामूली बात पर आक्रामक हो जाने वाले लोगों के भीतर न तो धीरज और विवेक है और न उन्हें पुलिस या कानूनी कार्रवाई का कोई खौफ है।

वरना क्या वजह है कि साधारण बातों पर भी कुछ लोग इस कदर हिंसक हो जाते हैं कि वे किसी की हत्या तक कर डालते हैं। दिल्ली में निजामुद्दीन इलाके के जंगपुरा भोगल बाजार में एक व्यक्ति ने सिर्फ अपने दरवाजे के सामने से स्कूटी हटाने के लिए कहा और इतनी-सी बात पर दो सगे भाइयों ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी जान चली गई। इस घटना में एक तथ्य यह भी है कि मृतक युवक अभिनेत्री हुमा कुरैशी का चचेरा भाई था। मगर इससे अपराध की प्रकृति में कोई फर्क नहीं पड़ा।

### पुलिस की जांच के बाद अपराध की मंशा आएगी सामने

पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों ने कुछ दुराग्रहों की वजह से सोच-समझ कर मृतक को निशाना बनाया था। संभव है कि पुलिस की जांच के बाद अपराध की मंशा स्पष्ट होकर सामने आए। यों पिछले कुछ समय में ऐसी अनेक घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें स्कूटी हटा लेने या अन्य बेहद मामूली-सी बात के लिए किसी व्यक्ति की हत्या कर दी गई। यह विडंबना आज एक हकीकत बन चुकी है कि किसी अनदेखी करने लायक बात पर भी दो पक्षों में हिंसक टकराव हो जाता है।

फिर आवेश में आकर हत्या करने का आरोपी जब पुलिस की गिरफ्त में आता है और अगर न्याय सुनिश्चित हो पाता है, तब उसकी जिंदगी भी सींखचों के भीतर कटती है। जाहिर है, यह साधारण स्थितियों में विवेक खो देने का नतीजा है, जिसमें कोई व्यक्ति यह सोचने लायक तक नहीं रह जाता है कि क्या किसी छोटी बात पर इतना आक्रामक और बेलगाम होना ठीक है या फिर आपराधिक घटना के बाद जब कानून अपना काम करेगा, तब उन्हें किस स्थिति का सामना करना पड़ेगा। अफसोस की बात यह है कि पुलिस और कानूनी कार्रवाई का भय ऐसे अपराधों पर लगाम कसने के मामले में नाकाम दिखता है।.

# अपनी-अपनी गर्मी

डॉ. हरि जोशी

मैं अमेरिका आकर भी नियम से जल्दी उठता और सुबह-शाम पदयात्रा करता हूं। इससे शरीर में थोड़ी गर्मी बनी रहती है। आस-पास जितने स्थानीय भ्रमणार्थी दिखाई देते हैं, वे इस तापमान में उघाड़े रहते या नाममात्र के छोटे झुरझुरे कमीज-चड्डी पहने घूमते रहते हैं। मैं तो स्वेटर-टोपे के बिना निकलता नहीं, स्पष्ट है कि उनकी आंतरिक गर्मी मुझसे अधिक है।

एक दिन उन्होंने मुझसे पूछ लिया, 'आप हमेशा गर्म कपड़े क्यों पहने रहते हैं?' मैंने उत्तर दिया, 'भारत के पास डॉलर या धन की वैसी गर्मी नहीं है, जैसी अमेरिका को है, फिर विगत दिनों ट्रंप ने वैश्विक ताश में जो ट्रंप चल दिया यदि वह कारगर हो गया तो आप लोगों में इतनी गरमी बढ़ जाएगी कि आपको ये कपड़े पहनने की आवश्यकता भी नहीं रहेगी।

कुछ रुककर मैंने कहा कि आपके यहां 9/11 का हमला हुआ, आपने हमला करने वालों की गरमी निकाल दी। सद्दाम हुसैन की मूर्ति को भू लुंठित किया, ओसामा बिन लादेन को समुद्र समाधि दे दी, आक्रमणकारियों की सारी गरमी निकल गई।

भारत वर्ष अभी बहुत ठंडा है इसलिए आतंकवादी अपनी गरमी वहां दिखा जाते हैं। भारत वर्ष में जिस दिन ऐसी गरमी आ जाएगी, मैं भी ऐसी ही नाममात्र की वेशभूषा पहनना शुरू कर दूंगा।

गर्मी अनेक कारणों से बनी रहती है। कोई व्यक्ति उच्च पद पर हो तो कुर्सी की गर्मी चौबीसों घंटे रहती है। मंत्री को, उच्चाधिकारी को, जब तक वह पदासीन रहता है, गर्मी बनी रहती है, पद से हटते ही वह ठंडा पड़ जाता है।

मेरी एक पूर्व परिचित मंत्री बनीं। मंत्री बनने के पहले न वह कभी कवयित्री थीं, न बाद में कभी रहीं, किंतु मंत्री पद पर आसीन होते ही वह सुपरिचित, लोकप्रिय और प्रतिष्ठित कवयित्री बन बैठीं।

मुझे उनका वह नया रूप देखकर आश्चर्य हुआ। एक दिन हम दोनों उनके निवास पर थे। मैंने कहा,'आजकल आपकी कविताओं की चहुंओर प्रशंसा हो रही है, मुझे ज्ञात नहीं था कि इतनी अच्छी कविताएं आप लिख लेती हैं?'

मुझे जानकारी हो गई थी, मंचों पर वे पूरे अभिनय के साथ भाषण की जगह कविताएं प्रस्तुत करने लगी हैं। तालियां खूब बजती हैं। पता नहीं, मंत्री पद के प्रभाव में तालियां बजती थीं या वास्तव में काव्य की ऊंचाई के कारण।

तत्काल उन्हें अच्छा अवसर दिखाई दिया, तुरंत उठीं और अपनी हस्तलिखित डायरी मेरे सामने लाकर अभिनय सहित कविताएं सुनाने लगी। मैंने उत्तर दिया-भाव तो बहुत सुंदर हैं, किंतु अभी तक आपने एक भी कविता कहीं प्रकाशित नहीं करवाई?

-'भेजने का साहस नहीं हुआ।' वह बोलीं

रुककर मैंने कहा-अपनी डायरी बताएं, मैं देखूं, आपने और क्या-क्या लिखा है?

वह बोलीं-आपको डायरी नहीं दिखाऊंगी।

मैंने कारण पूछा तो बोलीं-आप कविताओं में कई गलतियां निकाल देंगे। इसलिए तो मैं कहीं प्रकाशनार्थ नहीं भेजती, क्योंकि संपादक कहां तक गलतियां ठीक करते रहेंगे?

बहरहाल, उनमें काफी समय मंत्री पद की गर्मी कविताओं के कारण बनी रही। जैसे ही मंत्री पद से हटीं, उनकी कविता भाग खड़ी हुई, फिर कविता वापिस नहीं लौटी। मंत्री पद लौटे तो शायद कविता भी लौट आए? गर्मी तिरोहित हो चुकी थी।

# बढ़ता खाद्य प्रसंस्करण बाजार

डा. जयंती लाल भंडारी

> प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकरण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना जैसी बहुआयामी पहलों के माध्यम से पौष्टिक दुनिया के निर्माण के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के तहत पिछले दस वर्षों में 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक का एफडीआई प्राप्त हुआ है और भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 15 गुना से अधिक बढ़कर दो सौ लाख टन से अधिक हो गई है

इस समय देश में लोगों की बढ़ती हुई आमदनी, शहरीकरण के कारण बदलती जीवनशैली और खान-पान की आदतों में बड़े परिवर्तन के कारण भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का बाजार आकार तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में डेलायट और फिक्की के द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पर एक रिपोर्ट जारी की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में परिवारों के खाद्य बजट का वर्ष 2000-01 में अनाज और दालों पर 40 फीसदी खर्च किया जाता था, वह वर्ष 2023-24 में घटकर महज 14 फीसदी पर पहुंच गया है। देश में खान-पान तो लगभग हर आय वर्ग का बदला है, लेकिन शहरी संपन्न वर्ग अब अपने मासिक खाद्य बजट का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा पैकेज्ड फूड, बाहर खाने और डिलीवरी पर खर्च कर रहा है। ग्रामीण भारत में भी इसी तरह का बदलाव दिख रहा है। ग्रामीण खपत अनाज से पेय पदार्थों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की ओर बढ़ रही है। निश्चित रूप से लगातार तेजी से बढ़ते खाद्यान्न उत्पादन और लोगों की खान-पान शैली में बड़े बदलाव के कारण देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार कृषि उत्पाद जब तैयार भोजन का रूप लेता है तो उसके मूल्य में लगभग 30 फीसदी की वृद्धि होती है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की खाद्य प्रसंस्करण पर प्रकाशित शोध अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खाद्य प्रसंस्करण का क्षेत्र वर्ष 2023 में करीब 307 अरब डॉलर का था, इसके तेजी से बढ़कर वर्ष 2030 तक करीब 700 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचने की उम्मीद है। साथ ही कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से निर्यात लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2030 तक 125 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकेगा।

निसंदेह इस समय भारत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। पिछले 10 वर्षों के दौरान, भारत ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए व्यापक सुधार शुरु किए हैं। भारत खाद्य प्रसंस्करण में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकरण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना जैसी बहुआयामी पहलों के माध्यम से पौष्टिक दुनिया के निर्माण के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के तहत पिछले दस वर्षों में 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक का एफडीआई प्राप्त हुआ है और भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 15 गुना से अधिक बढ़कर दो सौ लाख टन से अधिक हो गई है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र कई अन्य पूंजी आधारित उद्योगों की तुलना में ज्यादा रोजगार प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। इसमें कोई दो मत नहीं है कि सरकार के द्वारा देश में खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के तहत इन पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए पीएलआई योजना लागू की है उससे मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है। सितंबर 2020 में कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के लिए सुनिश्चित किए गए एक लाख करोड़ रुपए की वित्त पोषण सुविधा से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लाभान्वित होते हुए दिखाई दे रहा है। खाद्य प्रसंस्करण को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा दे चुकी है। साथ ही देश में वर्ष 2020 से शुरू की गई किसान ट्रेनें भी खाद्य प्रसंस्करण बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रही हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के अंतर्गत विभिन्न फलों, खाद्यान्नों और फूलों की खेती के लिए ईपीएफ का गठन किया गया है। मौजूदा 'कृषि-क्लस्टरों' को मजबूत करने और अधिक उत्पाद-विशेष वाले क्लस्टर बनाने पर भी जोर दिया गया है। एपीडा को श्रीअन्न के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी है और उसके संसाधन बढ़ाए हैं।

छोटे फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को वित्त, तकनीक और अन्य तरह की मदद पहुंचाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की 'केंद्रीय प्रायोजित पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोससिंग एंटरप्राइज योजना' सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। इस योजना के तहत राज्यों की जिम्मेदारी है कि वे कच्चे माल की उपलब्धता का ध्यान रखते हुए हर जिले के लिए एक खाद्य उत्पाद की पहचान करें। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के आधार पर चुने गए उत्पादों का प्रोडक्शन करने वाले उद्योगों को प्राथमिकता के आधार पर मदद दी जा रही है। वस्तुत- खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र कृषि और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों का महत्वपूर्ण घटक है। जहां खाद्य प्रसंस्करण कृषि क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने में मदद करता है। लेकिन निश्चित रूप से भारत खाद्य प्रसंस्करण की ऊंची संभावनाओं को पर्याप्त रूप से मुट्ठी में नहीं ले पा रहा है। यही कारण है कि खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत बहुत पीछे है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण का स्तर विश्व के अन्य देशों की तुलना में बहुत कम है। डेलायट और फिक्की की अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कुल खाद्य उत्पादन का 10 फीसदी से भी कम हिस्सा प्रसंस्कृत होता है। सब्जियों के लिए प्रसंस्करण स्तर 2.7 फीसदी, फलों के लिए 4.5 फीसदी, मत्स्य पालन के लिए 15.4 फीसदी और दूध के लिए 21.1 फीसदी है। भारत के खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में पीछे रहने का एक बड़ा कारण खाद्यान्न भंडारण में बहुत पीछे होना भी है। अनाज के भंडारण की सही व्यवस्था नहीं होने की वजह से 12 से 14 फीसदी तक खाद्यान्न बर्बाद हो जाता है। कृषि उपज हासिल करने के तुरंत बाद किसानों को उसे बेच देना पड़ता है। देश में खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में भंडारण की क्षमता आधी से भी कम करीब 1450 लाख टन ही है। उम्मीद करें कि सरकार के द्वारा हाल ही में 16 जुलाई को स्वीकृत धन-धान्य और समृद्धि योजना को मंजूरी दी गई उसके तहत कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने और कृषि क्षेत्र की चुनौतियों का समाधान करने की डगर पर सरकार तेजी से आगे बढ़ेगी और उससे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को भी नई गति मिलते हुए दिखाई देगी। उम्मीद करें कि सरकार के द्वारा खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में बढ़ती हुई आर्थिक, निर्यात और रोजगार संभावनाओं को मुट्ठियों में लेने के लिए इस सेक्टर की डगर पर जो बाधाएं आ रही हैं, उनका उपयुक्त निराकरण किया जाएगा। खाद्य उत्पादों के प्रसंस्करण स्तर को बढ़ाया जाएगा। उम्मीद करें कि खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर की पीएलआई योजना से फसलों की कटाई के बाद फसल की बर्बादी रोकने, बेहतर खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता प्रमाणन व्यवस्था, तकनीकी उन्नयन और लॉजिस्टिक सुधार के कारण देश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगा। उम्मीद करें कि भारत में सरकार के द्वारा सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण क्षमता के निर्माण की योजना कारगर तरीके से तेज कार्यान्वयन की डगर पर आगे बढ़ेगी। इससे जहां भारत में खाद्यान्न की बर्बादी कम होगी। किसानों की आय बढ़ेगी, देश की खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी, वहीं भारत वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में ऊंचाई प्राप्त करते हुए वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भी बड़ा मददगार देश साबित होते हुए दिखाई दे सकेगा।



# सरकार की दृढ़ता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा

**इस बीच भारत सरकार की प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि अगर अमरीका सोचता है कि वह इस तरह की धमकियां देकर हमारे देश को दबा सकता है, तो उसे अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है। आज का भारत एक दशक पहले जैसा भारत नहीं है। हम हथियार उत्पादन में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहे हैं, हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया को दिखा दिया है कि हम सामरिक दृष्टि से आत्मनिर्भर हैं।**

डा. अश्वनी महाजन

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय आयातों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे कुल टैरिफ अब 50 प्रतिशत हो गया है। राष्ट्रपति ट्रंप का यह कहना है कि यह कदम भारत द्वारा रूसी तेल की निरंतर खरीद के जवाब में उठाया गया है। इसके साथ ही भारत अमरीका के सबसे अधिक कर वाले व्यापारिक साझेदारों में से एक बन गया है। अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ 27 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगा। इस वृद्धि से अमरीका को 40 अरब डॉलर से ज्यादा मूल्य के भारतीय निर्यात प्रभावित होंगे, जिनमें ऑटो पार्ट्स, कपड़ा और परिधान, इलेक्ट्रॉनिक्स, इस्पात और रसायन, आभूषण और समुद्री खाद्य आदि शामिल हैं। कुछ क्षेत्रों को टैरिफ वृद्धि से छूट भी दी गई है, जिनमें शामिल हैं, फार्मास्युटिकल्स, तैयार इलेक्ट्रॉनिक्स, जैसे स्मार्टफोन और लैपटॉप, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा उत्पाद जैसे तेल, गैस और एलएनजी, तांबा इत्यादि। यदि अमरीकी टैरिफ प्रभाव डालेंगे भी, तब भी अमरीका को भारत का निर्यात अधिकतम 5.7 अरब डॉलर ही गिरेगा। लेकिन आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि 2022 और 2024 के बीच भारत को रूस से तेल आयात करके 33 अरब डॉलर का फायदा हुआ। यानी यदि नफा नुकसान देखें तो भारत को रूस से तेल आयात से इतना फायदा है कि उसे अमरीकी टैरिफ की परवाह करने की जरूरत नहीं। इस बीच ट्रंप ने चीन सहित रूसी तेल खरीदने वाले अन्य देशों पर संभावित 'द्वितीयक प्रतिबंध' लगाने का भी संकेत दिया है। समझना होगा कि अमरीका का टैरिफ बढ़ाने का निर्णय डब्लूटीओ के नियमों का सीधा-सीधा उल्लंघन है। इससे पहले जुलाई 30, 2025 को राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों का हवाला देते हुए, 25 प्रतिशत टैरिफ के अलावा, अनिर्दिष्ट 'दंड' लगाने की भी घोषणा की थी। उन्होंने यह कहा कि भारत रूस से प्रतिरक्षा हथियार और कच्चा तेल खरीद रहा है, इसलिए उसे दंड के रूप में ज्यादा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। वास्तविकता यह है कि भारत स्वाभाविक रूप से रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए रक्षा उपकरण खरीदने और जहां से भी कच्चा तेल मिले, उसे सबसे सस्ते दामों पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि घरेलू मुद्रास्फीति पर नियंत्रण बना रहे। इस बीच भारत सरकार की प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि अगर अमरीका सोचता है कि वह इस तरह की धमकियां देकर हमारे देश को दबा सकता है, तो उसे अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है। आज का भारत एक दशक पहले जैसा भारत नहीं है। हम हथियार उत्पादन में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहे हैं, हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया को दिखा दिया है कि हम सामरिक दृष्टि से आत्मनिर्भर हैं।

अमरीका को समझना होगा कि विश्व अब एकध्रुवीय नहीं रह गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमरीका ने ऐसे समय में एक रणनीतिक साझेदार के खिलाफ दंडात्मक कदम उठाने का फैसला किया है जब अमरीका समेत पूरी दुनिया को चीन द्वारा व्यापार और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के हथियारीकरण से उत्पन्न कहीं अधिक बड़ी चुनौती का सामूहिक रूप से जवाब देने की जरूरत है । दुर्लभ मृदा निर्यात पर बीजिंग के प्रतिबंधों ने दुनिया भर में विनिर्माण क्षमताओं को खतरे में डाल दिया है। यही समय है कि अमरीका और भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देकर इस समस्या का समाधान करने के लिए हाथ मिलाएं। भारत सरकार वास्तव में बधाई की पात्र है कि भारत-अमरीका मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता के दौरान दबाव के बावजूद दृढ़ता से खड़ी है। पारस्परिक शुल्कों की धमकियों और 9 जुलाई और 31 जुलाई की समय सीमा चूक जाने के बावजूद, भारतीय वार्ताकारों ने आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) कृषि उत्पादो, डेयरी आयात और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के लिए हमारे बाजारों को जबरन खोलने के प्रयासों का सही ढंग से विरोध किया है। यह उल्लेखनीय है कि अमरीका दुनिया भर के देशों पर (डब्लयूटीओ के नियमों के विरुद्ध) दबाव बना रहा है कि वे अपने-अपने देशों में अमरीका से आने वाले सामानों पर शुल्क कम करें। हाल के दिनों में, जब राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पारस्परिक टैरिफ लगाए जाने के बाद, भारत-अमरीका व्यापार वार्ता में तेजी आई थी और रिपोर्ट्स में तेज गति से बातचीत के संकेत मिल रहे थे, ट्रंप का यह बयान कि भारत के साथ अभी भी कोई समझौता नहीं हुआ है, इस बात का प्रमाण है कि भारत अमरीका के दबाव का सफलतापूर्वक सामना कर रहा है। भारत-अमरीका मुक्त व्यापार समझौते पर 2017 से ही चर्चा चल रही है। लेकिन अभी तक यह समझौता सिरे नहीं चढ़ पाया है, यहां तक कि सीमित स्तर पर भी नहीं। कई बार यह समझौता लगभग तय लग रहा था, लेकिन अचानक कुछ रुकावटें आ गई और बातचीत ठंडे बस्ते में चली गई। आखिरी बार ऐसा 2020 में हुआ था। मीडिया में खबरें आ रही थीं कि भारत-अमरीका मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने वाले हैं, लेकिन तब भी भारत ने दबाव का विरोध किया और संयुक्त राज्य अमरीका के व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) को अपना भारत दौरा रद्द करना पड़ा। मौजूदा वार्ताओं में अमरीका मांग कर रहा है कि भारत उसकी जीएम फसलों के लिए बाजार पहुंच दे, चिकित्सा उपकरणों पर नियमों में ढील दी जाए और डेटा के मुक्त प्रवाह की अनुमति दी जाए।

वास्तविकता यह है कि भारत अपने किसानों और कृषि सुरक्षा के मद्देनजर जीएम के आयात की अनुमति नहीं दे सकता और न ही अपने चिकित्सा उपकरण उद्योग के विरुद्ध अमरीका की नियमों में ढील को स्वीकार कर सकता है। संवेदनशील डेटा संप्रभु देश के नियंत्रण में ही रहना चाहिए, जो हमारे दीर्घकालिक राष्ट्रीय हित के साथ जुड़ा हुआ है। भारत ने इस्पात, ऑटोमोबाइल और दवा शुल्कों से छूट की वैध मांग की है और डेटा स्थानीयकरण की अपनी नीति का बचाव किया है। हमें समझना होगा कि व्यापार समझौता हो या न हो, अमरीका को भारतीय निर्यात पारस्परिक आर्थिक लाभ के आधार पर जारी रहेगा ही। हमें ऐसी रियायतों से बचना चाहिए जो हमारे किसानों, लघु उद्योगों या दीर्घकालिक आर्थिक आत्मनिर्भरता को कमजोर करती हैं। हाल के वर्षों के अनुभव से पता चला है कि भारत अपने मूल हितों से समझौता किए बिना, वैश्विक व्यापार पैटर्न में बदलाव का लाभ उठा सकता है, जिसमें अमरीका-चीन तनाव के कारण उत्पन्न परिवर्तन भी शामिल हैं। यह उल्लेखनीय है कि अब टैरिफ का निर्धारण विश्व व्यापार संगठन द्वारा अमरीका के लिए निर्धारित दरों के आधार पर नहीं, बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप की मनमर्जी, तथाकथित पारस्परिकता के विचार या अनैतिक रूप से गैर-व्यापारिक मुद्दों का हवाला देकर किया जा रहा है। आज भारत के लिए लैटिन अमरीकी देशों सहित अन्य देशों के साथ अपने व्यापार में विविधता लाने का एक अवसर भी है। भारत को अपने दृढ़ रुख पर अडिग रहना चाहिए। व्यापार पारस्परिक लाभ के लिए है और अमरीका कोई एहसान नहीं कर रहा है क्योंकि आयात उसकी घरेलू मांगों को पूरा करने के लिए है और 25 प्रतिशत का आयात शुल्क उसके अपने नागरिकों के लिए मुद्रास्फीति ही बढ़ाएगा। इसलिए भारत के लिए यह अल्पकालिक नुकसान हो सकता है, लेकिन यह अमरीका से आयात की जा रही कई वस्तुओं पर आत्मनिर्भरता का अवसर प्रदान करेगा।

# किसानों ने धान बिक्री व खाद वितरण केंद्र पुनः सेलूद में स्थानांतरित करने की मांग की

## किसानों ने सिंचाई के लिए नहर से पानी देने आवेदन दिया

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग (निप्र)।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 104 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत मुड़पार के किसानों ने धान बिक्री एवं खाद उठाव के लिए सेवा सहकारी समिति को पुनः सेलूद में स्थानांतरित करने की मांग की। किसानों ने बताया कि पूर्व में धान बिक्री एवं खाद उठाव सेवा



सहकारी समिति सेलूद में किया जा रहा था, किंतु वर्तमान में यह कार्य अचानकपुर समिति से किया जा रहा है, जो मुड़पार ग्राम से अधिक दूरी पर है, जिससे किसानों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। मुड़पार से सेलूद दो किलोमीटर की दूरी पर है, जबकि अचानकपुर की दूरी अधिक होने के कारण समय व परिवहन खर्च दोनों बढ़ गया है। किसानों ने मांग की है कि सेवा सहकारी समिति सेलूद में ही धान बिक्री एवं खाद वितरण की व्यवस्था पुनः की जाए। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने डिप्टी रजिस्टार सहकारी सोसायटी को आवश्यक निराकरण करने को कहा।

नगर पंचायत उतई पार्षद ने किसानों को सिंचाई के लिए नहर से पानी देने आवेदन दिया। किसानों ने बताया कि विगत 15-20 दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेत सूखने लगे हैं और धान की फसलें मुरझाने लगी हैं। खेतों में दरारें पड़ रही हैं, जिससे खाद व दवाई डालना भी संभव नहीं हो पा रहा है। किसानों ने ताण्डुला जलाशय से उतई, करगाडीह, पुरई, पाऊवारा, कोकडी, कोडिया, हनोदा, खम्हरिया, उमरपोटी, बोरीगारका व बोरीडीह गांवों में जल्द से जल्द सिंचाई के लिए नहर का पानी छोड़े जाने की मांग की है। पानी नहीं मिलने से फसले नष्ट हो रहे हैं, जिससे भारी नुकसान हो रहा है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने ईई जल संसाधन विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

वार्ड 09 के पार्षद ने सार्वजनिक सुलभ शौचालय निर्माण कराने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि ने जिले के छतौना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 (राजीव नगर) में लगभग 5500 श्रमिक परिवार निवास करते हैं। यह इलाका श्रमिक बाहुल्य है, जहां पहले एकमात्र पुराना सार्वजनिक सुलभ शौचालय था जिसे तोड़ दिया गया है। नया शौचालय का निर्माण करने के लिए पुराना तोड़ा गया था, लेकिन अब तक नया शौचालय नहीं बनाया गया, जिससे वार्ड में गंदगी फैल रही है और खासकर महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि डीएमएफ फंड से जल्द से जल्द नया सुलभ शौचालय स्वीकृत कर निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्र की गंभीर समस्या का समाधान हो सके। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने डीएमएफ प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## स्वतंत्रता दौड़ 14 को, रविशंकर स्टेडियम से होगी शुरुआत

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग (निप्र)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह दौड़ 14 अगस्त 2025 गुरुवार को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। दौड़ की शुरुआत रविशंकर स्टेडियम दुर्ग के मुख्य गेट से होगी, जो आदर्श कन्या शाला, गांधी चौक, पटेल चौक, पुराना दुर्ग थाना, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स चौक, पचरीपारा नया बस स्टैंड रोड, बस स्टैंड और चर्च रोड होते हुए पुनः रविशंकर स्टेडियम पहुँचकर समाप्त होगी।

सहायक संचालक जिला खेल एवं युवा कल्याण से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वतंत्रता दौड़ में विद्यालय, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड, सैनिक, शिक्षकगण, खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक, शासकीय व अशासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, एवं स्थानीय समाचार पत्रों से जुड़े पत्रकारों को इस दौड़ में स्वस्फूर्त भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे ध्वजारोहण

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग (निप्र)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जिला मुख्यालय स्थित प्रथम बटालियन दुर्ग में आयोजित स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे ध्वाजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। परेड का निरीक्षण कर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री शर्मा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

## साईबर सिटी की अवधारणा पर प्रारंभ किया गया आरोहण बीपीओ सेंटर : डॉ. रमन सिंह



**मीडिया ऑडीटर, राजनांदगांव (निप्र)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज ग्राम टेड़ेसरा प्रवास के दौरान आरोहण बीपीओ सेंटर पहुंचकर टेक्नो क्लास बिजनेस सॉल्यूशन के माध्यम से प्रशिक्षित एवं चयनित 160 युवा अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि चेन्नई और बैंगलोर गए थे तब उन्होंने बीपीओ सेंटर की अवधारणा को समझा। बच्चों से मुलाकात के दौरान उनका उत्साह देखकर लगता था कि जो साईबर सिटी में हो सकता है उसकी शुरूआत छत्तीसगढ़ राज्य में कर सकते हैं। इसी कल्पना को लेकर राजनांदगांव जिले के ग्राम टेड़ेसरा में आरोहण बीपीओ सेंटर प्रारंभ किया गया। आरोहण बीपीओ सेंटर के कार्यरत युवाओं की संख्या बढ़ाकर 2 हजार कर दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि यहां कार्य करने के बाद देश के बैंगलोर, चेन्नई, मुंबई जैसे मेट्रो सिटी में जाकर बीपीओ में कार्य करने में सक्षम रहेंगे। उन्होंने कहा कि रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरोहण बीपीओ सेंटर की शुरूआत की गई थी और उसकी सफलता देखकर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि बेटियों के चेहरे में खुशी देखकर पिता को सबसे ज्यादा खुशी होती है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने यहां कार्य कर रहे युवाओं के बीच पहुंचकर उनकी कार्यप्रणाली को समझा और उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, अध्यक्ष जिला पंचायत किरण वैष्णव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत किरण साहू, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, सरपंच खिलेश्वर साहू, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीण एवं आरोपहण बीपीओ सेंटर के युवा उपस्थित थे।

## परिवहन विभाग के सचिव ने किया जिला परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, बालोद (निप्र)।** परिवहन विभाग के सचिव एस प्रकाश, अपर परिवहन आयुक्त डी रविशंकर, उप परिवहन आयुक्त मनोज सिंह ध्रुव, क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी मृत्युंजय पटेल ने आज जिला परिवहन कार्यालय बालोद का औचक निरीक्षण किया। उनके द्वारा जिला परिवहन कार्यालय बालोद में उपस्थिति पंजी, सभी शाखाओं से संबंधित कार्यों एवं रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालयीन समय में उपस्थित होने एवं जाने के संबंध में निर्देशित करते हुए शाखा से संबंधित सभी कार्यों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के तहत् अनिवार्य रूप से समय-सीमा में निराकरण करने हेतु संबंधित शाखा प्रभारी को निर्देश दिए। उन्होंने जिले के 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने हेतु जिला स्तर पर वाहनों की संख्या के आधार पर अनुबंधित कंपनियों के फिटमेंट सेंटरों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कस्बों, गांव में शिविर आयोजित कर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय के विभागीय कार्यों को ऑनलाईन कर सारथी एवं वाहन के माध्यम से किये जाने हेतु निर्देशित किया। जिला परिवहन कार्यालय बालोद के निरीक्षण पश्चात उन्होंने बालोद जिले में निजी संस्थान द्वारा व्यवसायिक वाहनों के ड्रायविंग संस्थान की स्थापना ग्राम मटिया में ड्राईविंग ट्रेनिंग सेंटर के स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश कुमार रावटे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## तिरंगे के रंग में रंगा कवर्धा, कलेक्टर के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा

**मीडिया ऑडीटर, कवर्धा (निप्र)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को कवर्धा में स्वामी करपात्री जी स्कूल से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कलेक्टर गोपाल वर्मा स्वयं राष्ट्रीय ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए और विद्यार्थियों, अधिकारियों व नागरिकों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान बनाए रखने की शपथ दिलाई। सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी और आमजन देशभक्ति के नारों, वंदे मातरम् और भारत माता की जय के जयघोष के साथ शामिल हुए। यात्रा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए भारत माता चौक तक पहुँची, जहां देशभक्ति का उत्साह चरम पर रहा। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि तिरंगा केवल ध्वज नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, बलिदान और एकता की अमर गाथा का प्रतीक है।

## बिहान समूह सिरहासार भवन जगदलपुर में उपलब्ध करवा रही तिरंगा

**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर (निप्र)।** देश की आजादी पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक पूरे उत्साह के साथ हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी पहल को जिले में कलेक्टर हरिस एस और जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में तीन चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी मां बम्लेश्वरी स्वयं सहायता समूह आसना की सदस्य कुंती मोरला और पिंकी बघेल ने एक अनूठी पहल की है।

उक्त समूह द्वारा संभाग



मुख्यालय जगदलपुर के सिरहासार भवन परिसर में एक विशेष स्टॉल लगाया गया है। जिसमें समूह के हस्तनिर्मित उत्पादों के साथ-साथ हर घर तिरंगा अभियान के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए तिरंगे से संबंधित विभिन्न उत्पाद भी उपलब्ध हैं। समूह के स्टॉल में तिरंगा झंडा, तिरंगा माला, तिरंगा बैच, तिरंगा हैंड बेल्ट और तिरंगा स्टिकर जैसे आकर्षक उत्पाद विक्रय किए जा रहे हैं । यह पहल न केवल राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा दे रही है, बल्कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह स्टॉल स्थानीय लोगों के लिए तिरंगे से जुड़े उत्पाद खरीदने और हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनने का एक प्रेरक अवसर प्रदान कर रहा है।

## धमतरी में जिले में बढ़ रहा अपराध नशे के कारोबार पर लगे रोक

**मीडिया ऑडीटर, धमतरी (निप्र)।** जिले में बढ़ते अपराध को रोकने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर 12 अगस्त को भाजपा जिला के एक प्रतिनिधिमंडल ने धमतरी एसपी सूरज सिंह परिहार से मुलाकात की।

प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य भाजपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक रंजना साहू, जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा ने धमतरी जिले में घटित अपराधों को लेकर चिंता जाहिर की। कहा क नशे के कारोबार में प्रभावी तरीके से रोक नहीं लगने के कारण ही धमतरी में लगातार अपराध बढ़ रहा है। धमतरी जिले में पुलिसिंग को और प्रभावी बनाया जाए। नशे के सौदागरों पर कड़ाई से कार्रवाई हो। कहा कि जब तक जुआ शराब गांजा नशीली दवाइयां के कारोबार पर कड़ाई से कार्यवाही नहीं होगी अपराधों पर लगाम नहीं लगाया जा सकता, इसलिए धमतरी पुलिस को और प्रभावी तरीके से पुलिसिंग करने की जरूरत है।

प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश जिला मंत्री हेमंत चंद्राकर, गंगरेल मंडल अध्यक्ष,जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन, विजय साहू, नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी ज्ञानीराम रामटेके ऋषभ देवांगन, रिकी गंगवानी, देवेश अग्रवाल, विशाल रामरख्यानी समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## डॉ. रमन सिंह ने ग्राम टेड़ेसरा में तिरंगा बाईक रैली को किया रवाना

**मीडिया ऑडीटर, राजनांदगांव (निप्र)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता ‍= स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर उल्लास और खुशी के साथ आजादी के उत्सव को मनाने के लिए आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में तिरंगा बाईक रैली को रवाना किया। देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाने के लिए भारत माता की जयकारे के साथ बाइक रैली निकली गई। वंदेमातरम, माँ तुझे सलाम गीतों के साथ देश की स्वतंत्रता के जज्बे



को लिए बाइक रैली ने स्वतंत्रता के प्रति संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, अध्यक्ष जिला पंचायत किरण वैष्णव, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेशदत्त मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत किरण साहू, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, सरपंच खिलेश्वर साहू, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जेएसडब्ल्यू कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने शुरू किया आंदोलन, वादाखिलाफी का लगाया आरोप

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (निप्र)।** रायगढ़ जिले के नहरपाली में जे.एस.डब्ल्यू. कंपनी के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया है। कंपनी की जनविरोधी नीतियों, प्रदूषण, रोजगार में भेदभाव और सीएसआर फंड के दुरुपयोग के विरोध में ग्रामीणों ने 12 अगस्त से जे.एस.डब्ल्यू. गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन, काम रोको और चक्का जाम का ऐलान किया है। प्रभावित क्षेत्रवासी, जिनमें सिंघनपुर, नहरपाली, कुरूभांठा, सलिहाभांठा, लोढ़ाझर, बिलासपुर, रक्सापाली, तिलाईपाली और भूपदेवपुर के ग्रामीण शामिल हैं, अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर एकजुट होकर महाआंदोलन शुरू करने जा रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि, जे.एस.डब्ल्यू. कंपनी ने भू-अर्जन से प्रभावित लोगों को रोजगार देने, प्रदूषण नियंत्रण और सीएसआर फंड का उपयोग गांवों के विकास के लिए करने जैसे वादों को नजरअंदाज किया है। इसके अलावा, कंपनी पर



सड़कों के अतिक्रमण और मजदूरों के उत्पीड़न का भी गंभीर आरोप है।

प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि, यदि उनकी मांगें तत्काल पूरी नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस महाआंदोलन में भारी संख्या में ग्रामीणों के शामिल होने की उम्मीद है। स्थानीय प्रशासन और कंपनी प्रबंधन से इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की मांग की जा रही है, ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन की बैठक सम्पन्न

# ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जैविक कचरा निपटान, जल संरक्षण एवं फीकल स्लज मैनेजमेंट हेतु दिए आवश्यक निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग (निप्र)।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विगत दिवस जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने अवगत कराया कि ग्राम स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत समस्त 381 ग्रामों में घर-घर कचरा एकत्रिकरण कर सेग्रीगेशन वर्कशेड में स्वच्छाग्राहियों द्वारा पृथक्कीकरण का कार्य किया जा रहा है। कुल 155 ग्रामों में घरों से एवं 90 ग्रामों में बाजार व दुकानों से स्वच्छता युजर चार्ज लिया जा रहा है। 4 ग्राम बिजनेस मॉडल की स्थिति को प्राप्त कर चुके है। 307 ग्राम की स्वच्छाग्राहियों द्वारा कबाड़ी वाले के साथ एमओयू किया गया है। प्रतिमाह एकत्र युजर चार्ज एवं विक्रय किये गये प्लास्टिक वेस्ट से आय की ग्रामवार जानकारी भी दी



गई। मनरेगा अंतर्गत निर्मित 2140 सामुदायिक नाडेप एवं 835 वर्मी कंपोस्ट क्रियाशील अवस्था में है। साथ ही सेग्रीगेशन शेड के समीप एक-एक नाडेप एवं वर्मी कंपोस्ट पिट का निर्माण किया गया है। नाली के अंतिम छोर में सोकपीट निर्माण किये जाने हेतु जनपद पंचायत दुर्ग में 81, धमधा में 162 एवं पाटन में 450 इस प्रकार कुल 693 स्थानों को चिन्हांकित किया गया है। इस हेतु जनपद पंचायत धमधा से 195 एवं जनपद पंचायत पाटन से 127 मांगपत्र प्राप्त हुए है।

जनपद पंचायत दुर्ग में 506, जनपद पंचायत धमधा में 935 एवं जनपद पंचायत पाटन में 1415 इस प्रकार कुल 2856 तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सार्वजनिक स्थानों पर पूर्व में निर्मित सोकपिट क्रियाशील है। कलेक्टर सिंह ने प्रतिमाह बिजनेस मॉडल ग्राम की संख्या को बढ़ाने तथा कबाड़ी वाले के साथ शेष एमओयू को 10 दिवस के भीतर करने के निर्देश दिये। उन्होंने जैविक कचरे के निपटान हेतु निर्मित समस्त वर्मी व नॉडेप टैंक को क्रियाशील रखे जाने हेतु निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने जनपद पंचायत दुर्ग से नाली के अंतिम छोर में सोकपिट निर्माण करने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति हेतु मांगपत्र दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा समस्त चिन्हांकित स्थानों के लिए तकनीकी स्वीकृति एवं मांगपत्र प्रेषित किये जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अभिसरण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल अन्य ग्राम पंचायतों से प्राप्त हो रहे प्लास्टिक का वजन कर बाजार मुल्य पर एजेंसी द्वारा तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने कहा गया तथा पीडबल्यूएमयू में ई-रिक्शा प्रदाय कराये जाने हेतु प्रस्ताव एवं मांग पत्र प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

जिला पंचायत सीईओ दुबे ने बताया फिकल स्लज मैनेजमेंट माह जुलाई में जनपद पंचायत दुर्ग में 09, धमधा में 16 एवं पाटन में 11 बार डी-स्लज किया गया है। जनपद पंचायत धमधा को माह जुलाई में इस कार्य से 27 हजार रू. की आय प्राप्त हुई है। जिसमें से 24 हजार 500 रू. व्यय किया गया। जनपद पंचायत पाटन को माह जूलाई में इस कार्य से 33 हजार रू. की आय प्राप्त हुई है, जिसमें से 30 हजार रू. मात्र व्यय किया गया। जनपद पंचायत दुर्ग में डी-स्लज वाहन न होने के कारण नगर निगम दुर्ग से लिंक कराया गया है।

जनपद पंचायत दुर्ग में डी-स्लज वाहन की आवश्यकता है इस हेतु कलेक्टर के समक्ष डीएमएफ मद से डी स्लज वाहन प्रदाय करने हेतु प्रस्ताव रखा गया। कलेक्टर सिंह ने जिले में निजी वाहनों द्वारा डी-स्लज करने वाले एजेंसी का पता लगाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा यदि निजी वाहन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में डी-स्लज का कार्य किया जा रहा है तो उनकी पहचान कर एफएसटीपी में डी-स्लज किये जाए। खुले स्थान में डी-स्लज खाली करने पर कार्यवाही किये जाने तथा डी स्लज वाहन प्रदाय कराये जाने हेतु प्रस्ताव एवं मांग पत्र प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

# हाईकोर्ट ने कहा-यों ना डुमना एयरपोर्ट बंद कर दिया जाए, 450 करोड़ खर्च फिर भी हालात जस के तस; एयरलाइंस से रिपोर्ट देने को कहा



**जबलपुर, एजेंसी।** साढ़े चार सौ करोड़ रुपए खर्च होने के बाद भी जबलपुर का डुमना एयरपोर्ट सुधर नहीं रहा है। फ्लाइट्स लगातार बंद हो रही हैं और लोगों को सफर में परेशानी हो रही है। इसको लेकर सोमवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में फिर से सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ ने नाराजगी जताते हुए कहा, क्यों न डुमना एयरपोर्ट को ही बंद कर दिया जाए कोर्ट ने विमान कंपनियों को इस मामले में पूरी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सरकार से भी तीन बिंदुओं पर जवाब मांगा है। अब अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी। इससे पहले 29 जुलाई को सुनवाई हुई थी, तब हाईकोर्ट ने सरकार से सवाल किया था कि डुमना एयरपोर्ट के लिए क्या योजनाएं बनाई है।यदि मंदिर सौंपना ही है तो हमें सौंपिए, किसी अखाड़े को नहीं।बड़वानी के छोटी कसरावद पुल से नदी में कूदने वाले दंपती में से पत्नी का शव एसडीईआरएफ ने मंगलवार सुबह बरामद कर लिया। टीम पति की तलाश कर रही है। अब तक दंपती की पहचान नहीं हो पाई है। दंपती ने 11 अगस्त की रात करीब 8 बजे, 2 माह के बच्चे को पुल पर छोड़कर नदी में छलांग लगाई थी।

महेश शर्मा ने कहा, मैं महामंडलेश्वर प्रेमानंद पुरी के बयान की निंदा करता हूं। ऐसे बयान देकर मंदिर के नाम पर विवाद पैदा करना उचित नहीं है।

**जनहित याचिका हुई थी दायर :** 2024 में जबलपुर के नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी पहले अच्छी थी, लेकिन अब धीरे-धीरे सभी फ्लाइट्स बंद हो रही हैं। मुंबई, पुणे, कोलकाता और बेंगलुरु जैसी जगहों के लिए पहले सीधी फ्लाइट्स थीं, जो अब नहीं हैं। हाल ही में भोपाल के लिए भी फ्लाइट बंद कर दी गई है।

**विमान कंपनियां बोलीं- फ्लाइट्स चलाना घाटे का सौदा :** विमान कंपनियों का कहना है कि जबलपुर एयरपोर्ट पर टैक्स और चार्जेस ज्यादा हैं, इस वजह से फ्लाइट्स चलाना घाटे का सौदा है। दूसरी तरफ सरकार ने बताया कि उन्होंने कुछ सर्विस चार्ज कम कर दिए हैं और एयरलाइंस कंपनियों को बैठक के लिए बुलाया था, लेकिन वे नहीं आए। सरकार ने यह भी कहा कि फरवरी 2025 से एक नई योजना लागू होगी जिसमें विमान कंपनियों को रियायती दरों पर सुविधाएं दी जाएंगी।

**हाईकोर्ट ने दी कड़ी प्रतिक्रिया :** कोर्ट ने कहा कि साढ़े 450 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद जब एयरपोर्ट से फ्लाइट्स नहीं चल रहीं, तो इसका क्या फायदा कोर्ट ने सरकार और विमान कंपनियों दोनों की लापरवाही पर नाराजगी जताई और कहा कि अगर स्थिति नहीं सुधरी, तो एयरपोर्ट को बंद करने पर भी विचार किया जा सकता है।ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को रोका जा सके और जनता को सुरक्षा महसूस हो। पुलिस की चौकसी जार थाना प्रभारी देर रात तक अपने-अपने क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाते रहे। पुलिस अधिकारी लॉजों में पूछताछ करते नजर आए और संदिग्धों की तलाश में सतर्कता बरती। अधिकारियों ने बताया कि रतलाम पुलिस का मकसद त्योहारों पर कोई अप्रिय घटना न हो और लोग सुरक्षित माहौल में अपना उत्सव मना सकें।

## सागर से इंदौर जा रही बस पलटी, 12 यात्री घायल:खिड़की के कांच तोड़कर पुलिस ने लोगों को बाहर निकाला, 3 की हालत गंभीर



**सागर, एजेंसी।** सागर के बेरखेड़ी के पास सोमवार रात करीब 2 बजे यात्री बस पलट गई। हादसे में 12 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यात्रियों को कांच तोड़कर बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। सोमवार रात स्लीपर बस ( आरजे 09 पीए 5085 ) सागर बस स्टैंड से इंदौर के लिए रवाना हुई थी। राहतगढ़ से होते हुए बस भोपाल की ओर जा रही थी, बेरखेड़ी गांव के पास असंतुलित होकर बस पलट गई। हादसे के बाद सब में चीख-पुकार मच गई। अंधेरा होने से यात्री ज्यादा घबरा गए। यहां से गुजर रहे लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और बस सवारों की मदद में जुट गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस में फंसे यात्रियों को खिड़की के कांच फोड़कर बाहर निकाला। हादसे में बस में सवार 12 यात्री घायल हुए हैं। जिनमें से तीन को गंभीर चोट आई है। घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षतिग्रस्त बस को पुलिस ने क्रेन की मदद से सड़क से हटवाया है।

## 15 अगस्त के पहले रतलाम पुलिस अलर्ट:चेकिंग अभियान चलाकर शहर में निकाला फ्लैग मार्च ,थानों पर गुंडों की परेड कराई



**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम में आगामी त्योहारों और स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस पूरी सतर्कता के साथ तैनात है। शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने 15 अगस्त तक रात में फ्लैग मार्च निकालने का फैसला किया है। साथ ही थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा। इस दौरान स्टेशन रोड थाना में शहर के गुंडों की परेड कराई गई।

**थानों में सघन चेकिंग और फ्लैग मार्च :** एसपी अमित कुमार के निर्देश पर बीती रात सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया के साथ डीडी नगर, औद्योगिक क्षेत्र, स्टेशन रोड और माणक चौक थानों के प्रभारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त पर निकले। उन्होंने होटल, लॉज, बस स्टैंड और धर्मशालाओं की जांच की और संदिग्धों को रोककर तलाशी ली।

**गुंडों की परेड कराई गई :** सुरक्षा व्यवस्था को कड़ी करने के लिए पुलिस ने शहर के सभी थाना क्षेत्रों से गुंडों को स्टेशन रोड थाना परिसर में एकत्र किया और परेड करवाई। इससे पुलिस ने कानून-व्यवस्था पर कड़ी नजर बनाए रखने का संदेश दिया है। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश। एसपी अमित कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को आगामी त्योहारों और स्वतंत्रता दिवस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने रात-दिन गश्त बढ़ा दी है

## तिरंगा बाइक रैली में 300 कर्मचारियों ने लिया हिस्सा:बुधनी में दशहरा मैदान से महाराणा प्रताप चौराहे तक निकली यात्रा



**सीहोर, एजेंसी ।** सीहोर के बुधनी क्षेत्र में हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता अभियान के तहत बाइक रैली निकाली गई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और स्वतंत्रता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना था। कलेक्टर बालागुरु और एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में ये रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत दशहरा मैदान से हुई। ये टीटीसी होते हुए नगर के मुख्य मार्गो से गुजरी। महाराणा प्रताप चौराहे से होते हुए वापस दशहरा मैदान पर समाप्त हुई। समापन के दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया।

**रैली में 300 कर्मचारियों ने भाग लिया :** इस आयोजन में अलग-अलग विभागों के करीब 300 कर्मचारियों ने भाग लिया और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। रैली में एसडीएम दिनेश तोमर, एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा और टीआई डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी शामिल हुए। नगर पालिका सीएमओ संतोष रघुवंशी, जनपद सीईओ दिनेश जैन और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## विवादित पहाड़े वाले स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग:रायसेन में विद्यार्थी परिषद ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव;



**रायसेन, एजेंसी ।** रायसेन के बेबी कॉन्वेंट स्कूल में नर्सरी के बच्चों को क से काबा न से नवाज म से मस्जिद वाले पट्टी पहाड़ा पढ़ाने के मामले में विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट का घेराव किया। कार्यकर्ता सांची रोड से स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग की नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा को ज्ञापन देने की बात कही पर वो मौजूद नहीं थे। इसके बाद कार्यकर्ता नाराज हो गए और गेट पर ही धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि वो कलेक्टर को ही ज्ञापन देंगे।

**कलेक्टर को ही ज्ञापन देने पर अड़े रहे कार्यकर्ता :** डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा और एसडीएम मुकेश सिंह ने कार्यकर्ताओं को समझाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कलेक्टर किसी कार्यक्रम के विषय में बाहर गए हैं। कार्यकर्ता ज्ञापन उन्हें दे सकते हैं। लेकिन कार्यकर्ता कलेक्टर को ही ज्ञापन देने पर अड़े रहे।

**स्कूल में नहीं मिला पट्टी पहाड़ा :** जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक ने बताया कि मामले में जांच दल गठित किया गया है। टीम ने स्कूल से कुछ सामग्री जब्त की है। हालांकि, स्कूल में ऐसा कोई पट्टी पहाड़ा नहीं मिला। अब अभिभावकों से चर्चा कर पट्टी पहाड़ा प्राप्त किया जाएगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अधिकारियों पर कार्रवाई न करने का आरोप:** विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अश्विनी पटेल का कहना है कि मामला सामने आने के बाद भी अधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने स्कूल की मान्यता रद्द कराने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही।

## महाकाल मंदिर अखाड़ों को सौंपने की मांग पर भड़के पुजारी:प्रेमानंद पुरी के बयान पर कहा- महामंडलेश्वर पहले अपने अखाड़ों की गंदगी साफ करें




**उज्जैन, एजेंसी।** श्रीमहाकालेश्वर मंदिर को लेकर महामंडलेश्वर प्रेमानंद पुरी के बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। प्रेमानंद पुरी ने अपनी कथा के दौरान कहा कि महाकाल मंदिर से सरकारी नियंत्रण हटाकर उसे महानिर्वाणी अखाड़े को सौंप देना चाहिए। उनके इस बयान का वीडियो सामने आते ही महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा भड़क गए। उन्होंने न सिर्फ महामंडलेश्वर के बयान की कड़ी निंदा की, बल्कि उन्हें अपने अखाड़े की गंदगी पहले साफ करने की नसीहत भी दे डाली। पुजारी महेश शर्मा ने कहा,महामंडलेश्वर पहले अपने अखाड़े में बैठे शादीशुदा संतों को बाहर निकालें। मंदिर की व्यवस्था प्रशासन सालों से अच्छे से संभाल रहा है। यदि प्रशासन हटता भी है, तो मंदिर का अधिकार 16 पुजारियों को मिलना चाहिए, न कि किसी अखाड़े को।

**प्रेमानंद ने कहा था- मंदिर अखाड़ों को सौंपे :** श्रावण महोत्सव के तहत 10 जुलाई से 4 अगस्त तक नक्षत्र होटल में प्रेमानंद पुरी की कथा का आयोजन किया गया था। 1 से 4 बजे तक चली कथा में उन्होंने कहा,

देश के अधिकांश मंदिरों पर सरकार ने अधिग्रहण कर लिया है। हम सरकार से मांग करते हैं कि मंदिरों को अखाड़ों को वापस सौंपा जाए। महाकाल मंदिर महानिर्वाणी अखाड़े का था। एमपी सरकार को पत्र लिखकर मंदिर को अखाड़े को सौंपने की मांग की है। मैं स्वयं भी मंदिर की जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।

**पुजारी बोले- मंदिर अखाड़े का नहीं, हमारी आस्था का केंद्र :** प्रेमानंद के इस बयान पर महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने कहा महाकाल मंदिर की व्यवस्था पिछले 40 सालों से प्रशासन अच्छे से संभाल रहा है। प्रेमानंद का यह कहना कि प्रशासन मंदिर नहीं संभाल पा रहा, पूर्णतः असत्य है। साथ ही यह कहना कि मंदिर महानिर्वाणी अखाड़े का है, यह भी गलत है। उन्होंने आगे कहा कि मुगल काल से लेकर अंग्रेजों के शासन और आज तक महाकाल मंदिर की रक्षा पुजारियों ने ही की है। मंदिर पर अधिकार अगर किसी का है, तो वह 16 पुजारियों का है।

## नर्मदापुरम में बारिश थमी, धान की फसल पर संकट:खेतों में आई दरारें, कई गांवों में बिजली कटौती, गर्मी-उमस से लोग परेशान



**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम में जुलाई में हुई अच्छी बारिश के बाद अगस्त में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है। 1 से 12 अगस्त के बीच जिले में सिर्फ 1 इंच बारिश दर्ज की गई है, जिससे खेतों की मिट्टी सूखने लगी है और धान की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। रामपुर, रूपापुर, गजपुर जैसे गांवों में खेतों में दरारें पड़ गई हैं। बारिश की कमी के साथ बिजली संकट ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है।

**जुलाई में डैम लबालब, अगस्त में सूखा :** 18 जून को मानसून की दस्तक के बाद जून के केवल 12 दिनों में 7 इंच से अधिक बारिश हुई थी। जुलाई में बंगाल की खाड़ी के कई सिस्टम सक्रिय रहे, जिससे अच्छी बारिश दर्ज हुई और फसलें लहलहाने लगीं। लेकिन अगस्त की शुरुआत के साथ ही बारिश थम गई। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल तीन-चार दिन और भारी बारिश की संभावना नहीं है। 31 जुलाई तक जिले में कुल 35 इंच बारिश हुई थी, जो पिछले साल के मुकाबले 8 इंच अधिक थी। लेकिन 12 अगस्त तक यह बढ़कर केवल 36 इंच हो पाई, जो पिछले साल की तुलना में अब सिर्फ 1 इंच ज्यादा है।

**धान की फसल पर मंडरा रहा खतरा :** धान की फसल के लिए अगस्त का पानी बेहद जरूरी होता है। कृषि उप संचालक जे.आर. हेडाऊ ने बताया कि जुलाई की बारिश से फसल को फायदा मिला, लेकिन अब पानी नहीं गिरा तो स्थिति खराब हो सकती है। रामपुर, रूपापुर, गजपुर सहित कई क्षेत्रों में मिट्टी सूख चुकी है और खेतों में दरारें आ गई हैं। जो किसान अभी तक धान नहीं लगा पाए हैं, अब वह भी पीछे छूट गए हैं।

**बिजली संकट से बढ़ी परेशानी, किसान करेंगे प्रदर्शन:** बारिश की कमी के बीच अब बिजली संकट ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इटारसी के आसपास के कई गांवों में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही। ग्रामीणों ने बताया कि रामपुर, रूपापुर, गजपुर, गुर्रा, दमदम, सनखेड़ा, सोमलबाड़ा, कांदई, लोहारिया, बिछुआ, सोनतलाई, मरोड़ा, चिल्ई, नांदनेर, घाटली, चांदौन, पथरोटा, भट्टी, नयागांव समेत कई गांवों में बिजली आपूर्ति सिर्फ 3-4 घंटे हो रही है।

## छतरपुर में हर घर तिरंगा अभियान में निकली बाइक रैली:25 स्कूलों की छात्राएं-अधिकारी हुए




**छतरपुर , एजेंसी ।** छतरपुर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। रैली में डीजे पर राष्ट्र गीत बजाए गए। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 से रैली का शुभारंभ हुआ। ये छत्रसाल चौराहा, चौक बाजार रोड, महल तिराहा, बड़ा तालाब और पुलिस लाइन होते हुए फिर से स्कूल पहुंची। रैली में छतरपुर विधायक ललिता, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

**छत्रसाल चौराहे पर नगर पालिका ने शिविर लगाया :** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉक और जनपद स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। छत्रसाल चौराहे पर नगर पालिका ने शिविर लगाया है। यहां स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए तिरंगे बेचे जा रहे हैं। छोटे झंडे 15 रुपए और बड़े झंडे 25 रुपए में उपलब्ध हैं। नगर पालिका ने चौराहे पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया है। जिले के हर ब्लॉक में इसी तरह के कैंप लगाकर झंडे बेचे जा रहे हैं।

**सेल्फी प्वाइंट-प्रदर्शनी को बैरिकेड लगाकर किया बंद :** कर्मचारियों की लापरवाही के चलते शहर की छत्रसाल चौराहे सेल्फी प्वाइंट और प्रदर्शनी में कर्मचारियों ने बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया है जिससे लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं वहीं लोगों का कहना है कि इसकी नगर पालिका भारी बिल लगाकर राशि का गमन करेगी।नगर में रक्षाबंधन का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज व उल्लास से मनाया गया। शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया। श्रीफल भेंट कर राखी बांधी। मिठाई खिलाकर आरती उतारी। भाइयों की उन्नति व खुशहाली की कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार व रक्षा का वचन दिया। इस बार भद्रा काल नहीं था। दिन व रात दोनों समय राखी बांधने का शुभ योग रहा। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक यह पर्व नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया।

# भिड़ंत के बाद बस ड्राइवर को बाहर खींचकर पीटा:बाइक, कैंपा और बस में टक्कर; बस ड्राइवर पर कैंपा को 50 मीटर तक घसीटने का आरोप



**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे एक के बाद एक तीन गाड़ियां एक-दूसरे से भिड़ गई। चिड़िया मैदान रेलवे गेट के पास हुए हादसे में बस की चपेट में कैंपा वाहन आ गया। कैंपा ने बाइक को चपेट में ले लिया। आक्रोशित बाइक और कैंपा चालक ने बस ड्राइवर को स्टीयरिंग से बाहर खींचकर मारपीट की। बस में सवार महिला यात्रियों ने ड्राइवर को बचाया। कैंपा चालक का आरोप है कि बस ने गाड़ी को करीब 50 मीटर तक घसीटा है। हादसे के बाद फाटक के दोनों ओर वाहन की कतार लग गई, जिससे करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। रामेश्वर चौकी पुलिस ने मामले को शांत कराया। मामले में बाइक और कैंपा वाहन के ड्राइवर ने एक्सीडेंट की रिपोर्ट कराई। वहीं, बस ड्राइवर ने कैंपा और बाइक सवार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है।

रेलवे पुलिस ने भी मामले को जांच में लिया है। स्टेशन मास्टर सहित आरपीएफ पुलिस के एसआई ने घटनास्थल का जायजा लिया। रेलवे पुलिस का कहना है कि गेट को ऑन और ऑफ करके देखा है, सबकुछ ओके हैं। रेलवे लाइन पर हंगामा करने के चलते तीनों वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

**तीनों ड्राइवर एक-दूसरे को गलत बताते रहे :** दैनिक भास्कर ने तीनों ड्राइवरों से बात की। बाइक सवार नूर खान का कहना है कि घर से ड्यूटी जाने के लिए निकला था। रेलवे गेट पर आगे खड़ी कैंपा वाहन रिवर्स आने लगा। गाड़ी ने मुझे चपेट में ले लिया। मैं गाड़ी छोड़कर भागा, नहीं तो कैंपा मुझ पर चढ़ जाती।कुक्षी थाना प्रभारी राजेश यादव ने कहा- महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बड़वानी भेजा गया है। दंपती की पहचान की कोशिश की जा रही है।

स्थानीय निवासी लक्ष्मण बघेल के मुताबिक, दंपती पैदल ही धार-बड़वानी को जोड़ने वाले पुल पर पहुंचे। काफी देर तक वहां खड़े रहे। फिर बच्चे को नीचे रखकर नदी में कूद गए। लोगों ने उन्हें बचाने के लिए लाइफ रिंग फेंकी। कुछ देर तक दोनों नदी में हाथ-पैर मारते दिखे। इसके बाद पानी में गायब हो गए।

बच्चे को जिला अस्पताल पहुंचाया मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। समाजसेवी अजित जैन मासूम बच्चे को बाइक से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। ड्यूटी डॉ. उमेश ने बताया कि बच्चे का वजन करीब तीन किलो है। वह पूरी तरह स्वस्थ है। फिलहाल, उसे जिला अस्पताल के पीआईसीयू में रखा गया है। फॉरेस्ट विभाग की कैंपा गाड़ी के ड्राइवर शिवनारायण भटोरे का कहना है कि, बस वाले ने पिछले हिस्से से गाड़ी को आगे की ओर टक्कर मारी। गाड़ी को 50 मीटर तक घसीट ले गया, इस कारण गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। पीछे से आ रहा बाइक सवार भी गाड़ी में घुस गया।

घटना के बाद पुलिस थाने पहुंचे बस ड्राइवर राहुल बौरासी निवासी पंधाना ने बताया कि भाटिया कंपनी की बस को मूंदी की ओर खंडवा ला रहा था। चिड़िया मैदान गेट पर अपनी साइड से बस को निकाल रहा था। इसी बीच एक कैंपा गाड़ी ने बस के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। कैंपा वाले ने रिवर्स लेने के दौरान बाइक वाले को चपेट में ले लिया। बाइक और कैंपा वाले ने मुझे बस की ड्राइवर सीट से बाहर खींचा और मारपीट की। मेरा हाथ मरोड़ दिया हैं। मुझे सीने में दर्द हो रहा है। बस में सवार महिला यात्रियों ने उतरकर मेरी जान बचाई।

# लाइव लॉयड ने दो-स्तरीय डब्ल्यूटीसी को लेकर आशंकाएं व्यक्त कीं, उन्हें डर है कि वेस्टइंडीज 100 साल तक दूसरे स्तर पर रहेगा




**सेंट जॉन्स, ऐजंसी।** वेस्टइंडीज (डब्ल्यूआई) के पूर्व कप्तान क्लाइव लॉयड ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए संभावित, बहुचर्चित दो-स्तरीय प्रणाली के बारे में अपनी आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि टीम ÷100 वर्षों तक उस समूह में रहने से सिर्फ दो साल दूर है। यदि भविष्य में दो-स्तरीय डब्ल्यूटीसी प्रणाली लागू होती है, तो यह संभावना है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट प्रशासक इससे चिंतित होंगे और इसमें अपनी बात रखने की उम्मीद कर रहे होंगे, जैसा कि क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डेह्रिंग ने कहा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से, डेहरिंग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ÷इन सबमें हमारी भूमिका है, आईसीसी की मेज़ पर हमारी जगह है।÷ यह मीटिंग सीडब्ल्यूआई की पिछले कुछ वर्षों से टीम के दिग्गजों की आपातकालीन बैठक के बाद आयोजित की गई थी। यह बैठक पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के 27 रनों पर आउट होने के बाद हुई थी, जो अब तक का दूसरा सबसे कम टेस्ट स्कोर था। उन्होंने कहा, ÷हमें सभी संभावित बदलावों के प्रति यथासंभव सजग रहना होगा, अपनी स्थिति को स्थिर रखना होगा, अपनी बाजी सुरक्षित रखनी होगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम वेस्टइंडीज क्रिकेट के रूप में वहां मौजूद हैं, चाहे हवा किसी भी दिशा में बहे और हम उसका फायदा उठाने की कोशिश करें। पिछले महीने, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने न्यूज़ीलैंड के पूर्व क्रिकेटर रोजर ट्वोज़ के नेतृत्व में एक कार्यसमूह का गठन किया, जिसका उद्देश्य 2025-27 चक्र से पहले ड्ब्ल्यूञ्जष्ट में सुधार सहित कई मुद्दों पर विचार करना था। जुलाई में हुए वार्षिक सम्मेलन में इसके लिए एक द्वि-स्तरीय प्रणाली पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई थी। ढ्ढष्टष्ट बोर्ड में न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (NZC) के प्रतिनिधि ट्वोज़ द्वारा बोर्ड को सुझाव दिए जाने की उम्मीद है। दो-स्तरीय WTC को लेकर बहस तब भी चल रही है जब ड्ब्ल्यूञ्जष्ट एक लीग-आधारित टूर्नामेंट नहीं था जिसमें खिताबी मुकाबले होते थे। यह विषय ढ्ढष्टष्ट के उन पूर्ण सदस्यों के बीच विभाजनकारी साबित हुआ है जिन्हें टेस्ट खेलने का विशेषाधिकार प्राप्त है। अब तक के सभी डब्ल्यूटीसी अभियानों में, वेस्टइंडीज नौ टीमों में से आठवें स्थान पर रहा, जिसने इन तीन संस्करणों में 39 टेस्टों में से सिर्फ 10 में जीत हासिल की, 23 में हार मिली और छह ड्रॉ रहे। ब्रायन लारा, विव रिचर्ड्स और अन्य दिग्गजों के साथ बैठक में आमंत्रित लॉयड ने आईसीसी से मिलने वाली धनराशि में सदस्य बोर्डों को मिलने वाले हिस्से की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज़ को वित्तीय रूप से ध्यान में रखना चाहिए, भले ही पिछले कुछ वर्षों में उसका स्तर गिरता जा रहा हो, क्योंकि 1970 से 1980 के दशक तक वह एक शीर्ष टीम थी और 1990 और 2000 के दशक में वह एक बेहद प्रतिस्पर्धी टीम थी। लॉयड ने कहा, हमें देखना होगा कि आईसीसी में धनराशि के बंटवारे को लेकर क्या हो रहा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को 18 करोड़ मिलेंगे तथा वेस्टइंडीज को बांग्लादेश और अफगानिस्तान की तरह 8 रहने से केवल दो वर्ष दूर हैं।

## भारत ने एशिया अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में 27 पदक जीते



**बैंकॉक, ऐजंसी।** महिलाओं के 80+ किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक के साथ, रितिका ने बैंकॉक में दोनों आयु वर्गों में कुल 27 पदकों के साथ एशियाई अंडर 19 और अंडर 22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में टीम इंडिया के अभियान का समापन किया।

दस दिनों तक चले इस मुकाबले में भारत की कुछ सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज़ प्रतिभाएँ एक साथ आई, जहाँ अंडर-19 मुक्केबाज़ों ने तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि अंडर-22 मुक्केबाज़ों ने चौथा स्थान हासिल किया। Olympics.com के अनुसार, इस टूर्नामेंट के लिए कुल 40 मुक्केबाज़ों को भेजा गया था, जिनमें से प्रत्येक समूह से 20 मुक्केबाज़ थे। अंडर-19 मुक्केबाजों ने कुल 14 पदक जीते, जिनमें तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। पदकों की संख्या में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा, लेकिन उज़्बेकिस्तान के सात स्वर्ण पदकों के कारण वे उज़्बेकिस्तान से पीछे दूसरे स्थान पर रहे। अंडर-22 बैच को एक स्वर्ण, चार रजत और आठ कांस्य पदक मिले। रितिका इस आयु वर्ग की एकमात्र चैंपियन रहीं, जिन्होंने कज़ाकिस्तान की एस्सेल टोकटासिन को हराया। सुबह यात्री पटेल को महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारकर रजत पदक मिला, जबकि प्रिया को 60 किग्रा वर्ग के फाइनल में चीन की यू तियान के खिलाफ 3-2 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बाद में दिन में, नीरज को पुरुषों के 75 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान के शौकतजोन बोल्टाएव से हारकर रजत पदक मिला। ईशान कटारिया ने भी 90+किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खलीमजोन मामासोलिव से हारकर रजत पदक हासिल किया। इस वर्ष की शुरुआत में, अंडर-15 और अंडर-17 टीमों ने एशियाई चैंपियनशिप में कुल 43 पदक हासिल किए थे, जिसमें भारत की अंडर-15 टीम ने प्रतियोगिता में सबसे अधिक 11 स्वर्ण पदक जीते थे।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी पुरानी गर्लफ्रेंड जॉर्जिना से सगाई कर ली है।

**नई दिल्ली , ऐजंसी।** दिग्गज पुर्तगाल और अल-नासर स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने आखिरकार अपनी लंबे समय से प्रेमिका जॉर्जिना रोड्रिग्ज से सगाई कर ली है, जिसके बाद जॉर्जिना ने सगाई की अंगूठी दिखाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया।

फुटबॉल के इस दिग्गज खिलाड़ी के पार्टनर ने सोशल मीडिया पर एक चमकदार अंगूठी दिखाते हुए कैप्शन लिखा, ÷हां, मैं करता हूं। इसमें और मेरी पूरी जिंदगी में।÷ क्रिस्टियानो भी तस्वीर में दिखाई दे रहे हैं और उन्हें टैग किया गया है। दोनों को डेटिंग करते हुए लगभग एक दशक हो गया है और उनके चार बच्चे भी हैं। इसके अलावा, जॉर्जीना ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें एक भव्य आयोजन दिखाया गया, क्योंकि युगल ने फ्रेंडशिप डे के अवसर पर कुछ करीबी दोस्तों की मेजबानी की, जिससे सुपरस्टार फुटबॉलर की अपनी प्रेमिका से सगाई की अटकलों को बल मिला।

40 वर्षीय आइकन अल-नासर के साथ एक शानदार सीज़न का लक्ष्य बना रहे हैं, जिसमें सबसे बड़े पुरस्कार, सऊदी प्रो लीग खिताब पर नज़र है, एक ट्रॉफी जिसे वह 2023 में मध्य पूर्व में आने के बाद से नहीं जीत पाए हैं। गोल डॉट कॉम के अनुसार, उनके राष्ट्रीय टीम के साथी जोआओ फेलिक्स की उपस्थिति से टीम मजबूत हुई है, जबकि किंग्सले कोमन भी सऊदी दिग्गजों में शामिल होने जा रहे हैं। जून में क्रिस्टियानो ने अल नासर के साथ अपना अनुबंध 2027 तक नवीनीकृत किया था। सुपरस्टार फुटबॉलर ने 2022 में विश्व कप के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़कर एक स्वतंत्र एजेंट बनने के लिए क्लब के साथ करार किया। उनका

## लेगेन-ज़ेड टी10 लीग के शुरू होने पर टेनिस बॉल से खेलने पर एरॉन फिंच ने कहा, यह एक अद्भुत अनुभव था

**गाजियाबाद , ऐजंसी।** लेजेन-जेड टी10 लीग के उद्घाटन सत्र की गाजियाबाद में शानदार शुरुआत हुई, जिसमें क्रिकेट के दिग्गज और नई युवा प्रतिभाओं ने सोमवार को रोमांचक दिन में मंच साझा किया।

जेसी राइडर, आरोन फिंच, रॉस टेलर और तिलकरत्ने दिलशान जैसे अंतर्राष्ट्रीय सितारों ने चल रही लेजेन-जेड टी10 लीग में मैदान पर कदम रखा और अपनी अनुकूलनशीलता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



पहले मैच में, जेसी राइडर की मुंबई स्टार्स ने एरॉन फिंच की बंगाल टाइगर्स को छह विकेट से हरा दिया। टी20 विश्व कप विजेता कप्तान फिंच ने वर्षों बाद टेनिस-बॉल प्रारूप में वापसी के अनोखे अनुभव की सराहना की। मैच के बाद एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिंच ने कहा, ÷लंबे समय के बाद मुझे टेनिस बॉल से खेलने का मौका मिला और यह एक अद्भुत अनुभव था। इस 20 वर्षीय युवा खिलाड़ी ने (मैं एक खिलाड़ी की बात कर रहा हूँ) असाधारण रूप से अच्छा खेला। कठोर गेंद से खेलना अलग है, लेकिन उसकी तकनीक प्रभावशाली है। मैं उसे मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह शुभकामनाएं देता हूँ। मयंक वालिया ने लेजेन-ज़ेड टी10 में शानदार शुरुआत करते हुए 15 गेंदों में 4 छक्कों की मदद से 35 रन बनाए और दो विकेट लिए। अपने प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, वालिया ने कहा, ÷आज मेरा दिन था। पेशेवर मंच पर यह मेरा पहला मैच था - गली क्रिकेट से लेकर बड़े मैदान तक, मैं आखिरकार यहाँ पहुँच गया हूँ। यह तो बस शुरुआत है। मुझ पर भरोसा करने के लिए लेजेन-ज़ेड टी10 का शुक्रिया।÷

दिन के दूसरे मुकाबले में रॉस टेलर की रॉयल चैलेंजर्स दिल्ली ने हर्शल गिब्स की एमपी स्पार्टन्स को छह विकेट से हरा दिया। टेलर की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए संयम का परिचय दिया और टूर्नामेंट की शुरुआत में ही अपनी मज़बूत पकड़ बना ली। स्थानीय भारतीय खिलाड़ी उन वैश्विक दिग्गजों के साथ मैदान साझा कर रहे हैं जिन्हें वे कभी टेलीविज़न पर अपना आदर्श मानते थे। ÷गली से टीवी तक÷ से यह बदलाव, लेजेन-ज़ेड टी10 लीग के मूल सार को दर्शाता है। दिन के अंतिम मैच में, साउदर्न यूनाइटेड ने राजस्थान रेडर्स को 28 रनों से हराकर, पहले दिन का रोमांचक समापन किया। मंगलवार को सभी छह टीमें मैदान पर लौटेंगी क्योंकि लीग चरण का दूसरा दिन शुरू हो चुका है, क्वालीफायर और एलिमिनेटर 15 अगस्त को होंगे।

## सीएसके छोड़ने की अटकलों पर अश्विन ने कहा, फ्रेंचाइजी से स्पष्टता मांगी, मेरे हाथ में कुछ नहीं




**नई दिल्ली, ऐजंसी।** आईपीएल 2025 में संभावित 14 मैचों में से केवल नौ में खेलना रविचंद्रन अश्विन के लिए टी20 लीग में अपने पूरे करियर में पहली बार था और उन्होंने अनुभवी ऑफ स्पिनर के साथ फ्रेंचाइजी के अलग होने की अफवाहों के बीच एक निराशाजनक सीजन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स से स्पष्टता मांगी है।

जबकि सीएसके का 2025 में यह सबसे खराब सीजन था, अश्विन ने सिर्फ नौ मैच खेले, जिसमें 9.12 की इकॉनमी रेट से सात विकेट लिए। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर राजस्थान रॉयल्स के संजू सैमसन के साथ उनके व्यापार की अटकलों के बीच कहा, ÷पिछले साल मैंने केवल नौ मैच खेले थे; आईपीएल में खेलने के अपने सभी वर्षों में, यह पहला वर्ष था जब मैंने केवल नौ मैच खेले। मैं जिस भी फ्रेंचाइजी में था, उसके लिए हमेशा हर खेल खेलता था, इसलिए यह मेरा पहला ऐसा अनुभव था। मैंने अपनी तरफ से स्पष्टता मांगी, लेकिन मैंने आईपीएल सीजन के दौरान ही इसके लिए कहा था।÷

ऐसी खबरें हैं कि सैमसन रॉयल्स के साथ लंबे समय तक जुड़े रहने के बाद आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा, अगर सैमसन का व्यापार होता है तो सीएसके को 18 करोड़ रुपये मुक्त रखने होंगे और फिर आपको यह देखना होगा कि आप उस जगह को बनाने के लिए किसे रिलीज कर सकते हैं।÷

उन्होंने कहा, अगर कल मैं सीएसके टीम में नहीं रहा, तो इससे उन्हें फायदा हो सकता है - इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन यह सब मेरे बारे में नहीं हो सकता। अश्विन ने यह भी कहा कि सब कुछ खिलाड़ी पर निर्भर नहीं करता है, लेकिन वह किसी फ्रेंचाइजी को छोड़ने के बारे में अपनी राय हमेशा व्यक्त कर सकते हैं। अब, एक खिलाड़ी यह व्यक्त कर सकता है कि उसे अनुबंध के नवीनीकरण में रुचि है या नहीं, और इसलिए वह स्पष्टता चाह सकता है। इसलिए इस स्थिति में, जहाँ मैं अभी हूँ, मैंने केवल स्पष्टता चाही, जिसके लिए मैंने वास्तव में सीज़न समाप्त होने के बाद कहा था।

## पंजाब की मजदूर की बेटी ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर चमक बिखेरी



**नई दिल्ली , ऐजंसी।** भारतीय एथलेटिक्स के लिए गौरव की बात यह रही कि 22 वर्षीय अमनदीप कौर ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में चल रहे विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्पर्धा में 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता।

अमनदीप ने फ़ोन पर अपनी खुशी साझा करते हुए कहा,मैं पंजाब से अकेली लड़की थी और दो पदक जीतना मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा है। मेरी दूसरी दौड़ मेरी पहली 800 मीटर दौड़ के आधे घंटे बाद ही थी - मैं बता नहीं सकती कि मैं कितनी खुश हूँ। कौर ने 800 मीटर दौड़ में 2ञ्04.31 मिनट का प्रभावशाली समय निकालकर शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया। उन्होंने 1500 मीटर दौड़ में भी सराहनीय धीरज और गति का प्रदर्शन किया और 4ञ्27.14 मिनट में दौड़ पूरी करके तीसरा स्थान हासिल किया।

इन उपलब्धियों के पीछे साहस और दृढ़ संकल्प की कहानी छिपी है। एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली अमनदीप ने इस मुकाम तक पहुँचने के लिए कई आर्थिक बाधाओं को पार किया है ङ्क उनके पिता मज़दूरी करते हैं और माँ घरों में काम करती हैं।

दसूया निवासी उनके कोच दीपक कुमार ने उनकी यात्रा और उपलब्धियों पर बहुत गर्व व्यक्त किया। अमनदीप मोगा की रहने वाली हैं और दो साल पहले अपने कोच दीपक कुमार के संपर्क में आई।

कुमार ने कहा, ÷मैं उसके संघर्षों को समझता हूँ। वह आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवार से आती है, और हर प्रतियोगिता में उसकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हमें संसाधन जुटाने पड़ते हैं।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷लेकिन पिछले दो सालों में, मैंने उसे एक विश्वस्तरीय एथलीट बनते देखा है। उसकी लगन और कड़ी मेहनत शब्दों से परे है। हम सभी को उस पर बहुत गर्व है।

अमनदीप की सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत दृढ़ता को दर्शाती है, बल्कि वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले युवा एथलीटों की क्षमता को भी उजागर करती है। दीपक कुमार ने आगे कहा, उचित सहयोग और प्रशिक्षण से, वह बहुत कुछ हासिल कर सकती है। वह एक स्टार खिलाड़ी हैं।

## सेंट लुईस रैपिड, ब्लिट्ज़ के पहले दिन के बाद गुकेश संयुक्त तीसरे स्थान पर




**नई दिल्ली , ऐजंसी।** मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने अमेरिका के लेवोन अरोनियन से पहले दौर में मिली हार के बाद वापसी करते हुए ग्रिगोरी ओपेरिन और लिएम ले क्वांग पर जीत हासिल की तथा ग्रैंड शतरंज टूर के भाग सेंट लुईस रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में पहले दिन संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। गुकेश को शुरुआती दौर के एक जटिल मुकाबले में अरोनियन ने मात दी थी, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की और ओपेरिन के खिलाफ शानदार जीत हासिल की, तथा सोमवार को लिएम को हराकर संभावित छह में से चार अंक हासिल किए।

प्रत्येक रैपिड जीत के साथ दो अंक अर्जित करते हुए, अरोनियन ने पहले दिन तीनों गेम जीतकर शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। लास वेगास में हाल ही में संपन्न फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में अपनी जीत के बाद, अमेरिकी ग्रैंडमास्टर ने अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों उज़्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर अपना परफेक्ट स्कोर बनाए रखा। अरोनियन छह अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि उनके हमवतन फैबियानो कारुआना दो जीत और एक ड्रॉ के बाद पाँच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गुकेश एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं, जबकि वाचियर-लाग्रेव और लीनियर डोमिनगुएज़ पेरेज़ तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से पाँचवें स्थान पर हैं।

लिएम और ओपेरिन दो-दो अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं, नोडिरबेक के पास एक अंक है, तथा सैम शैंकलैंड अपने सभी मैच हारने के बाद अंतिम स्थान पर हैं। गुकेश के लिए पहला राउंड बहुत दुखद रहा, क्योंकि कैरो कान के डिफेंस गेम के कारण उत्पन्न अत्यधिक जटिलताओं के कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

हालाँकि, उन्होंने जल्दी ही वापसी की और ओपेरिन को शानदार अंदाज़ में हरा दिया। सिसिली के रोसोलिमो के लिए यह अंतिम दृश्य बेहद खूबसूरत था, जब भारतीय खिलाड़ी ने रूसी से अमेरिकी बने ओपेरिन को शह और मात देने के लिए अपनी रानी की बलि दे दी।

दिन के आखिरी गेम में, लिएम के खिलाफ काले मोहरों से खेल रहे गुकेश को फिर से बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लेकिन, अरोनियन के उलट, लिएम दबाव में लड़खड़ा गए और धूल जमने के बाद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। मेरे हिसाब से यह सही नहीं है। हमें खड़ा होना होगा। हमें आईसीसी के पास जाना होगा और विशेष छूट की मांग करनी होगी। क्योंकि जब हम बढ़त पर थे और इतना अच्छा खेल रहे थे, तो हर कोई हमारे साथ खेलना चाहता था।÷ उन्होंने निष्कर्ष निकाला, ÷हम ऑस्ट्रेलिया के साथ, इंग्लैंड के साथ अक्सर खेलते थे, और जब हम पाकिस्तान या भारत जाते थे, तो लाखों लोग [मैदानों पर] आते थे। हमें ज़्यादा हिस्सा मिलना चाहिए, क्योंकि हम लंबे समय तक पैसे कमाने वाले गाय रहे हैं। और हमें उसमें से कुछ हिस्सा मिलना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि बोर्ड इस सिफ़ारिश पर अमल करेगा और हमें ज़रूरी पैसा मिल सकेगा।

# चेकिंग के नाम पर जारी है आरटीओ की अवैध वसूली, दूसरे राज्य के ट्रकों को बनाया जा रहा निशाना

## आरटीओ रीवा के खिलाफ लगातार जनता में पनप रहा आक्रोश






**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** जिले में अवैध वसूली का गोरख धंधा इस समय जोरो पर है चाहे वो टोल वाले हो या प्रशासनिक विभाग हो सब मनमाने रूप से वसूली शुरू कर दिए है। इसी कड़ी में रीवा आरटीओ ने भी अपने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए जबरन वसूली करने का नया तरीका खंगाल लिया है।

**रीवा आरटीओ की चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली:** परिवहन विभाग में चेकिंग के नाम पर खुलेआम अवैध वसूली का भ्रष्टाचारी खेल चल रहा है. वाहन चालक अपनी गाड़ी को समय से पहुंचाने के लिए इस वसूली को चुपचाप सहन करते जाते हैं पर दबी जुबान कहते जाते हैं कि इन वसूली कर्ताओं पर कब कार्यवाही होगी, अब ईश्वर ही सहारा है क्योंकि ईश्वर ही इनके अंधेर को समाप्त क़र सकता है।

नाम न छापने की शर्त पर एक वाहन चालक ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन जिनमे अधिकांशत: ट्रक और अन्य भारी वाहनों को रोक दिया जाता है । वाहन के कागजात मांगे जाते हैं, कागजात दिखाए जाने के बाद गाड़ी वाहन की डिटेल लिखकर ड्राइवर के हाथ में एक अवैध पर्ची थमा कर 5000 से 20000 रुपए तक वसूले जाते हैं ।

आपको बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पारदर्शी नीति के कारण सामान्य पार्किंग स्थल में भी पर्ची पर राशि लिखी होती है भले वह 5 रुपए ही क्यों न हो, इसके विपरीत आरटीओ वाहन चेकिंग की पर्ची में ऐसा कुछ देखने को नही मिलता है। अवैध वसूली कर्ता वाहन चेक स्लिप का नाम देकर रसीद बुक छपवाए हुए हैं, उसी के सहारे अवैध वसूली का कार्य खुलेआम, दिन-रात चलता रहता है. इस तरह की अवैध वसूली की खबर दैनिक मीडिया ऑडीटर अख़बार प्रथमिकता से प्रकाशित करता रहा है ।

मिली जानकारी के अनुसार रीवा जिले के आरटीओ क्षेत्र अंतर्गत प्रति दिन 800 से लेकर 1200 ट्रक चालकों को अवैध वसूली का शिकार बनाया जा रहा है. अधिकांश से तीन से पांच हजार तो कुछ से यह राशि बीस हजार रुपए तक वसूली जाती है। जो शख्स रसीद काट रहा था वह बिना राशि लिखी फर्जी रसीद वाहन चालक को पकड़ा रहा है ।

**अन्य राज्यों के ट्रक रहते हैं वसूली के टारगेट:** बताया जा रहा है कि आरटीओ रीवा के क्षेत्र अंतर्गत जिन अघोषित चेक पोस्ट पर वसूली होती हैं उनमें मप्र के बाहर अन्य राज्यों के हर ट्रक को टारगेट किया जाता है। इन ट्रक को सादा कपड़ों में कुछ प्राईवेट युवक रोकते हैं, फिर ड्रायवर को डारवा धमका कर एंट्री के नाम से अबैध वसूली कर ईमानदारी से फर्जी पर्ची थमा देते है, अन्य राज्यों के ट्रक के साथ कई बार मध्यप्रदेश के वाहन भी इस राडार में आते हैं।

**क्या आरटीओ के नियम:** वाहन चेकिंग के दौरान रजिस्ट्रेशन, वाहन बीमा, वाहन फिटनेस, बिल्टी सहित उसकी लोड क्षमता के अनुसार भार न होने आदि पर मामले में उचित सेक्शन के तहत चालान कटा जाता है. रसीद में उसका उल्लेख करना होता है इसका सीरियल नंबर, बिलबुक नंबर सहित वैधानिक विवरण लिखना होता है। इन दस्तावेजों पर आरटीओ परिवहन निरीक्षक/उप निरीक्षक के हस्ताक्षर सील के साथ उन्हें मौके उपास्थित होना चाहिए। लेकिन अवैध वसूली के दौरान यह सभी नियम ताक पर रखे जाते हैं।

**जिम्मेदार बने अनजान:** पर्ची देकर पैसे लिए जाने के प्रकरण पर जब आरटीओ के जिम्मेदार अधिकारियों से सम्पर्क किया गया तो. वह अपना वचाब करते कुछ कहने से बचते दिखे जिम्मेदार अधिकारियों का यह रवैया अनेक सवाल छोड़ता है।जिनके जबाव भी परिवहन विभाग के पास ही मिलेंगे।

## देशभक्ति के गीतों से गुंजायमान तिरंगा साइकिल यात्रा की रही धूम



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** हर घर तिरंगा अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शहर के प्रमुख मार्गों से तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली गई। रिमझिम फुहारों के बीच पूरे उत्साह के साथ अधिकारियों, खिलाड़ियों तथा विद्यार्थियों ने रैली में भाग लिया। रैली के दौरान पूरा मार्ग देशभक्ति के गीतों से गुंजायमान रहा। रैली का नेतृत्व रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने किया। रैली का शुभारंभ स्पोर्ट्स काम्पलेक्स से हुआ। इस अवसर पर कमिश्नर जामोद ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान स्वतंत्रता संग्राम के वीरों का नमन है। हमने बड़ी कुर्बानियाँ देकर आजादी पाई है। देश को स्वतंत्र कराने में हजारों वीरों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। तिरंगा हाथ में लेकर और भारतमाता की जय तथा वंदे मातरम कहते हुए वीरों ने देश के लिए अपने प्राण उत्सर्ग कर दिए। हम सब स्वतंत्रता दिवस तक हर घर तिरंगा अभियान में सहभागी बनकर देश के गौरव का यशगान करें। अपने घरों में तिरंगा फहराकर गौरव और उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाएं। इसके साथ-साथ अपने घरों और आसपास साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दें। हमारा परिवेश स्वच्छ रहेगा तभी हम सब स्वस्थ रहेंगे। रैली में जो साइकिल सवार शामिल हुए हैं वे सब देशभक्ति का संदेश देने वाले दूत हैं। हर नागरिक हर घर तिरंगा अभियान में सहभागी बनकर देश के गौरव और सम्मान में अपना योगदान दें। साइकिल रैली स्पोर्ट्स काम्पलेक्स से शुरू होकर मुख्य मार्ग खुटेही होते हुए सिरमौर चौराहा पहुंची। इसके बाद रैली अमहिया, अस्पताल चौराहा तथा प्रकाश चौराहा होते हुए शिल्पी प्लाजा बाजार पहुंची। रिमझिम फुहारों की बीच रैली मानस भवन से होती हुई कालेज चौराहे में विवेकानंद पार्क में समाप्त हुई। पार्क में विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष तिरंगे फहराकर सामूहिक रूप से भारतमाता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए गए। रैली के शुभारंभ पर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

## जनसुनवाई में 82 आवेदकों ने दिये आवेदन, संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के दिये गये निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने 82 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये।

इस दौरान सहायक कलेक्टर सृष्टि जायसवाल ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं। जनसुनवाई में रामनिवास निवासी गोरगांव एवं सुहानी कुशवाहा निवासी रीवा ने नामांतरण करने तथा राजू पटेल एवं रमाकांत मिश्रा खरा निवासी व्योहरा ने नक्शा तरमीम के आवेदन दिये जिन्हें संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया। महसांव के अरूण प्रताप सिंह, श्यामवती दाहिया, चोरहटा निवासी छकौड़ीलाल विश्वकर्मा के रास्ते से अतिक्रमण हटाने के आवेदनों को संबंधित नायब तहसीलदार को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। मोतीलाल त्रिपाठी कुठुलिया के संबल योजना का लाभ दिलाने के आवेदन पर श्रम अधिकारी को अनुराग साकेत छात्र के छात्रवृत्ति भुगतान के आवेदन को अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया।

## कांग्रेस का न्याय सत्याग्रह, पद्मधर पार्क जुटे कई दिग्गज नेता; नेता प्रतिपक्ष ने नशीली सिरप और फर्जी वोटिंग पर घेरा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** जिले में कांग्रेस पार्टी आज भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ न्याय सत्याग्रह का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम शहर के पद्मकर पार्क में दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ। कांग्रेस नेताओं ने इसे प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, महंगाई, अव्यवस्था और अत्याचार के खिलाफ जनहित की बड़ी लड़ाई बताया है।

**जिला अध्यक्ष बोले- जनता के हक की लड़ाई:** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल ने बताया कि यह आंदोलन किसानों, मजदूरों, युवाओं, व्यापारियों और आम जनता के हक में उठाई जा रही आवाज है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में आम जनता परेशान है। सरकारी महकमों में नीचे से ऊपर तक भ्रष्टाचार फैला है। महिलाओं पर अत्याचार, कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति, और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर जनता में आक्रोश है।

**बड़े नेता हुए शामिल:** न्याय सत्याग्रह कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

**नशीली सिरप के नशे पर सरकार और पुलिस को घेरा:** रीवा पहुंचे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना बोला। उन्होंने रीवा में नशीली सिरप की बिक्री का मुद्दा सबसे अधिक प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि यह डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल का गृह जिला है,जो साथ में स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। लेकिन उनकी सरकार में पुलिस नशीली सिरप पर लगाम नहीं लगा पा रही है।

## आज एसकेएम कॉर्पोरेट भारत छोड़ो का करेगा आगाज़

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि मोदी सरकार अमेरिकी साम्राज्यवाद के दबाव में एफटीए पर हस्ताक्षर कर भारतीय अर्थव्यवस्था को चौपट कर रही है जिससे कृषि बाजार को विशेष खतरा पैदा हो चुका है जिसके विरोध में मोर्चा 13 अगस्त को कॉरपोरेट्स भारत छोड़ो का आगाज करेगा मोर्चे के नेता शिव सिंह ने कहा कि 13 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी एवं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की व्यापारिक नीतियों का विरोध किया जाएगा तथा राष्ट्रपति के नाम कमिश्नर रीवा को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा मोर्चे के नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय ज्ञापन के साथ क्षेत्रीय समस्याओं खाद बिजली आवारा पशु समस्या सहित धान खरीदी घोटाला स्मार्ट मीटर जले ट्रांसफार्मर तालाबों पर अतिक्रमण आदि मुद्दों का भी ज्ञापन पत्र सौंपा जाएगा। सभी साथी 13 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे ऋतुराज पार्क रीवा में एकत्रित होंगे।

## बांस पर बुजुर्ग मरीज को लादकर 2किमी चले परिजन, खराब सड़क के चलते नहीं पहुंची एम्बुलेंस



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** एक 90 साल के बुजुर्ग को बांस पर लिटाकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया गया। इस दौरान बुजुर्ग पूरे रास्ते में दर्द से कराहता रहा। खराब सड़क के चलते घर तक एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाई थी। इसके बाद परिजन ने यह तरकीब अपनाई। मामला गंगेव ब्लॉक के आलमगंज गांव में सोमवार का है। परिजन के मुताबिक सुबह जमुना पाठक की तबीयत अचानक बिगड़ गई। एम्बुलेंस को बुलाया पर खराब सड़क के चलते ड्राइवर ने एम्बुलेंस 2 किलोमीटर दूर ही खड़ा कर दी थी। बुजुर्ग को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत अभी नाजुक है।

**परिजनों को कार्डियक अटैक का डर:** बुजुर्ग के परिजन रमेश पाठक ने बताया कि चाचा जमुना की अचानक शुगर लो हो गई थी। बीपी भी एबनॉर्मल थी। अचानक दिक्कत बढ़ गई। आज कल कार्डियक अटैक के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। जिसकी वजह से परिवार घबरा गया। जिन्हें किसी कदर बांस-बल्ली और फिर एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।

**लोग बोल- सड़क खराब, कीचड़ से निकलना पड़ता है:** स्थानीय निवासी शिवानंद द्विवेदी ने बताया कि गांव की सड़कें इतनी जर्जर हैं कि घुटनों तक कीचड़ वाले पानी से होकर निकलना पड़ता है। खराब सड़क पर चारों तरफ से चारपाई भी संभालना मुश्किल हो जाता है। जमीन में पैर धंसने लगता है। इसलिए बांस बल्ली का सहारा ही लेना पड़ा। शिवानंद द्विवेदी के मुताबिक रोड अभी बन रही है। सड़क पर मिट्टी मुरम पड़ी थी, लेकिन घटिया क्वालिटी के कारण सड़क पानी में बह गई।

## 115 पीएम आवासों में किराएदार रह रहे, 119 पर ताले मिले

### निगम आयुक्त गड़बड़ी की जांच के निर्देश दिए



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी सामने आई है। शिकायतों के आधार पर निगम आयुक्त ने जांच के आदेश दिए हैं। आयुक्त सौरभ सोनवड़े के अनुसार, पिछले कुछ समय से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि अपात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है। कई लाभार्थियों ने अपने मकान किराए पर देकर कमाई भी शुरू कर दी है, जो योजना के नियमों का उल्लंघन है। सौरभ सोनवड़े के बताया, जांच में अब तक सामने आया है कि 115 प्रधानमंत्री आवास किराए पर दिए गए हैं। 119 मकानों पर ताले लटके मिले (मालिक मौके पर नहीं)। 270 मकानों में पात्र लोग निवास करते हुए मिले। आयुक्त ने कहा कि योजना गरीब तबके के लिए है और इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियम तोड़ने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## एचआईवी संक्रमण नियंत्रण संबंधी बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 13 अगस्त को सुबह 11 बजे एचआईवी नियंत्रण एवं जागरूकता के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है। उल्लेखनीय है कि 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक सघन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के तत्वाधान में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे। संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

## सघन जागरूकता अभियान के तहत बाइक रैली को दिखाई गई हरी झण्डी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** संजय गाँधी परिसर स्थित ओ.पी.डी. के समीप जिला क्षय केन्द्र से सघन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ. संजीव शुक्ला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. अनुराग शर्मा जिला क्षय अधिकारी/नोडल अधिकारी एड्स नियंत्रण कार्यकम की उपस्थिति में हुआ। जन जागरूकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बाइक रैली शहर के संजय गाँधी अस्पताल चौराहा होते हुये स्वागत भवन, शिल्पी प्लाजा, साई मंदिर, न्यायालय परिसर, कमिश्नर कार्यालय से मार्तण्ड स्कूल, पुराना बस स्टैण्ड, टीआरएस कालेज, सिरमौर चौराहा, से संजय गाँधी कैम्पस में समाप्त हुई।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक सघन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन का महत्वाकांक्षी अभियान है। अभियान का मुख्य उद्देश्य 15 से 49 आयुवर्ग के जनसामान्य में एचआईवी संक्रमण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है ताकि वे एचआईवी संक्रमण के कारण, बचाव के तरीके तथा एचआईवी जांच एवं उपचार आदि के संबंध में जागरूक हो सकें तथा एचआईवी, एस.टी.आई जांच एवं उपचार सेवाओं का अधिकाधिक लाभले सकें। इस अभियान में ग्रामीण तथा शहरी बस्ती क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे।

### ई आफिस में रीवा संभाग प्रदेश में पहुंचा दूसरे स्थान पर - कमिश्नर ने दी बधाई

# सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण 26 तक दर्ज करें : कमिश्नर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि ई आफिस में रीवा संभाग के संभागीय कार्यालयों ने अच्छा कार्य किया है। संभाग अब प्रदेश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है इसके लिए मैं सभी अधिकारियों को बधाई देता हूँ।

संभागीय अधिकारी जिला कार्यालयों में भी ई आफिस की व्यवस्था को प्रभावी बनाएं। रीवा संभाग में अब तक 10164 फाइलों और पत्रों का ई आफिस के माध्यम से मूवमेंट और निराकरण हुआ। सभी अधिकारी हर सप्ताह कम से कम 20 फाइलें ई आफिस के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें। ई आफिस में हर सप्ताह 10 से कम फाइलों का मूवमेंट होने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि अभी दिसम्बर से मार्च तक सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के 34 प्रकरण लंबित हैं। इनका एक सप्ताह में निराकरण करें। कई पेंशन प्रकरण विभागीय जाँच के कारण लंबित हैं। कलेक्टर संबंधित अधिकारियों को विभागीय जाँच पूरी करके प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दें जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन प्रकरण का निराकरण हो सके। सभी अधिकारी 31 जुलाई तक सेवानिवृत्त सभी शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण 26 अगस्त तक अनिवार्य रूप से पेंशन कार्यालय में उपलब्ध करा दें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जलाशय लगभग भर गए हैं। अभी वर्षाकाल एक माह से अधिक शेष है। अधिक वर्षा की स्थिति में राजस्व तथा राहत और बचाव में तैनात अधिकारी सचेत रहें। बाढ़ की स्थिति होने पर तत्काल राहत और बचाव करें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि समाधान आनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं तथा 100 दिन से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का एक सप्ताह में निराकरण करें। राजस्व, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, ऊर्जा, पीएचई तथा नगरीय प्रशासन विभाग प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। एक पेड़ माँ के नाम अभियान में निरंतर पौधे रोपित किए जा रहे हैं। अब तक वन विभाग द्वारा 46 लाख से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं। सभी अधिकारी रोपित पौधों की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें।

## सीएम राइज स्कूल रघुराजगढ में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में सीएम राइज स्कूल रघुराजगढ में समाज के कमजोर एवं पात्र वर्गों को मुफ्त एवं सक्षम विधि सेवाओं को प्रदान करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों एवं महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु जो आर्थिक या किसी अन्य विषम कारण से न्याय प्राप्त करने से वंचित रहते हैं उनके लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।